विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911

# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 62 | कोरबा, मंगलवार , दिनांक 03 दिसम्बर 2024 डाक 04 दिसम्बर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
नोएडा में राष्ट्रीय राजधानी की ओर किसानों के विरोध मार्च के चलते चिल्ला बॉर्डर के पास ट्रैफिक जाम में फंसे वाहन



**देश-विदेश**
पीएम मोदी ने देखी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट, निर्माताओं को दी बधाई, संसद भवन में हुई स्पेशल स्क्रीनिंग



**कोरिया पेज**
अशफाक और उसके पिता ने शेयर ट्रेडिंग के बहाने करोड़ों की ठगी की



## विरोध करने जुटे कांग्रेसियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**चंडीगढ़, 03 दिसम्बर [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह शहर में पहली बार एक मंच से देश को संदेश देंगे। पीएम का मुख्य कार्यक्रम पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज में है। अमित शाह कल ही शहर पहुंच गए थे। पेक में पीएम के कार्यक्रम के लिए लोग पहुंचने लगे हैं। मंच भी तैयार है। कई राज्यों के आईपीएस, सीएफएसएल, एसपी, आईटीबीपी समेत कई राज्यों के डीजीपी भी कार्यक्रम में पहुंच चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे के विरोध के लिए इकट्ठे हुए कांग्रेसियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक लुबाना के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं को पुलिस सेक्टर 23 के चिल्ड्रन पार्क के पास से पकड़कर ले गई है। वह सभी प्रधानमंत्री को ज्ञापन देने के लिए जा रहे थे। उन्हें 34 पुलिस स्टेशन ले जाया गया है। पेक में आयोजित कार्यक्रम नए कानूनों के व्यावहारिक अनुप्रयोग को प्रदर्शित करेगा, यह प्रदर्शित करते हुए कि वे पहले से ही आपराधिक न्याय परिदृश्य को कैसे नया रूप दे रहे हैं। एक लाइव प्रदर्शन भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें अपराध स्थल की जांच का अनुकरण किया जाएगा, जहां नए कानूनों को अमल में लाया जाएगा। एक जुलाई से तीनों नए कानून पूरे देश में लागू हो गए हैं लेकिन चंडीगढ़ पहला यूटी बनने जा रहा है, जहां 100 फीसदी इस कानून को अमल में लाया जाएगा। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए पंजाब यूनिवर्सिटी के गेट नंबर 1 के पास सिक्योरिटी बढ़ा दी गई है। वहीं पीजीआई में पैक के तरफ वाले सेक्टर 11 वाले गेट से अभी प्रवेश सामान्य है।

### कई मुख्य सड़कें आज रहेंगी बंद.....

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर शहर की कई मुख्य सड़कें बंद रहेंगी। कुछ सड़कों पर ट्रैफिक डायवर्ट किया जाएगा। इससे पहले सोमवार को पुलिस की ओर से पीएम विजिट की फाइनल रिहर्सल की गई। इस दौरान एयरपोर्ट लाइट पॉइंट, ट्रांसपोर्ट चौक और राजिंदरा पार्क से पेक तक कुछ सड़कों को बंद रखा गया।

इससे वाहन चालकों को कुछ सड़कों पर जाम में जूझना पड़ा। पीएम की सुरक्षा को देखते हुए चार हजार से अधिक जवानों को तैनात किया गया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि मंगलवार को रूट प्लॉन देखकर ही निकलें अन्यथा कहीं जाम में फंसना पड़ सकता है। पूरा शहर मोदी-शाह के होर्डिंग से पटा पड़ा है। मध्य मार्ग समेत कई रास्तों व चौक पर बैनर लगाए गए हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पंचकूला से सीधे पेक पहुंचेंगे। चंडीगढ़ पुलिस और प्रशासन ने पीएम-गृह मंत्री के दौरे को देखते हुए कई रूट तैयार किए हैं।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों के मास्टरमाइंड हैं मुहम्मद यूनुस, शेख हसीना बोलीं- मेरा तो नरसंहार हो जाता

**नईदिल्ली, 03 दिसम्बर [एजेंसी]।**



बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ हिंसा का दौर जारी है। देश में हुए तख्तापलट के बाद से शेख हसीना भारत में है। अब शेख हसीना ने अंतरिम सरकार का नेतृत्व कर रहे मुहम्मद यूनुस पर सामूहिक हत्याओं और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि बांग्लादेश में हो रहे नरसंहार के जिम्मेदार मुहम्मद यूनुस हैं। न्यूयॉर्क में अवामी लीग के एक कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए,हसीना ने मंदिरों, चर्चों और धार्मिक संगठन इस्कॉन पर लगातार हमलों के लिए यूनुस की आलोचना की। शेख हसीना ने कहा, मुझ पर सामूहिक हत्याओं का आरोप लगाया गया है। लेकिन इन हमलों के मास्टरमाइंड मुहम्मद यूनुस हैं। शेख हसीना ने कहा कि आज, टीचर्स, पुलिस, नेता सभी पर हमले किए जा रहे हैं। हिंदुओं, बौद्धों और ईसाइयों को निशाना बनाया जा रहा है।

11 चर्च और कई मंदिरों पर हमले किए गए हैं। इस्कॉन पर हमला किया गया। उन्होंने यूनुस सरकार से सवाल करते हुए कहा, अब बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों को निशाना क्यों बनाया जा रहा है। पूर्व प्रधान मंत्री ने दावा किया कि उनके पिता की तरह ही उनकी भी हत्या करने की योजना थी और बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान की हत्या कर दी गई थी। हसीना ने कहा कि उन्होंने बांग्लादेश छोड़ दिया क्योंकि वह नरसंहार नहीं चाहती थीं। यूनुस पर तीखा हमला बांग्लादेश में कट्टरपंथी इस्लामवादियों द्वारा हिंदू समुदाय पर हमलों की लहर के बीच हुआ है। तीन हिंदू साधुओं की गिरफ्तारी ने चिंताएं और बढ़ा दी हैं।

## कार-बस की टक्कर में 5 मेडिकल छात्रों की मौत

**अलपुझा।** केरल के अलपुझा जिले में केरल राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी) की बस से टकराने के बाद पांच मेडिकल छात्रों की मौत हो गई। यह दुर्घटना सोमवार रात करीब 10 बजे हुई। मृत छात्रों की पहचान लक्षद्वीप के मोहम्मद इब्राहिम, पलक्कड़ के श्रीदीप, अलपुझा के आयुष शाजी, मलप्पुरम के देवानंद और कन्नूर के मोहम्मद जब्बार के रूप में हुई है। ये सभी अलपुझा के टीडी मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र थे। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

## डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी समेत बड़े नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा है कि देश के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी को उनकी जन्म-जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में भारतीय लोकतंत्र की सशक्त नींव रखने में उन्होंने अमूल्य योगदान दिया। आज जब हम सभी देशवासी संविधान के 75 वर्ष का उत्सव मना रहे हैं, तब उनका जीवन और आदर्श कहीं अधिक प्रेरणादायी हो जाता है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने पोस्ट में लिखा है कि भारत के संविधान की रचना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले, भारत के प्रथम राष्ट्रपति, महान स्वतंत्रता सेनानी और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष, डॉ राजेंद्र प्रसाद जी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन।

## सपा ने इंडी गठबंधन को दिया बड़ा झटका

**नईदिल्ली, 03 दिसम्बर [एजेंसी]।**

संसद का शीतकालीन सत्र जारी है। आज भी संसद के बाहर विपक्ष का जोरदार हंगामा भी देखने को मिला। विपक्ष लगाकार अडानी और कई अन्य मुद्दों पर चर्चा करने की मांग कर रहा है। लेकिन इस बीच विपक्ष खेमे में दरारें एक बार फिर खुलकर सामने आ गई हैं। ताजा जानकारी के अनुसार, जब कांग्रेस पार्टी के साथ अन्य विपक्षी पार्टियां संसद के बाहर अपने मुद्दों को लेकर प्रदर्शन कर रही थी तब कांग्रेस की सहयोगी पार्टियां समाजवादी और टीएमसी ने विरोध प्रदर्शन से किनारा कर लिया। वहीं, कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी ने भाजपा सरकार पर सदन नहीं चलाने का आरोप लगाया है। चौधरी ने कहा, हम सदन चलाने के लिए अपनी तरफ से हरसंभव प्रयास करते हैं क्योंकि जनता हमसे उम्मीद करती है कि हम यहां उनकी आवाज मजबूती से उठाएंगे। उन्होंने आगे कहा, अगर सरकार सदन चलाना चाहती है तो वह चलेगी। अगर वे ऐसा नहीं चाहते हैं तो फिर साजिश क्या है, यह सबको पता है। सदन चलाना हमारी जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि जो लोग कुर्सी पर बैठे हैं और पदों पर हैं, वे इसके लिए जिम्मेदार हैं। अगर वो लायक हैं तो चलाएंगे और नालायक हैं तो नहीं चलाएंगे। उत्तर प्रदेश के संभल में हाल ही में हुई हिंसा को लेकर मंगलवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित लगभग पूरे विपक्ष ने सदन से संक्षिप्त वाकआउट किया। जैसे ही सदन में प्रश्नकाल शुरु हुआ, समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता अखिलेश यादव अपनी सीट से उठे और इस मुद्दे को उठाते हुए अध्यक्ष ओम बिरला से संभल हिंसा पर बोलने की अनुमति मांगी। यादव को यह कहते हुए सुना गया, यह बहुत गंभीर मामला है। पांच लोगों की जान चली गई है। जैसे ही अध्यक्ष ने कहा कि सदस्य इस मुद्दे को शून्यकाल में उठा सकते हैं, यादव और उनकी पार्टी के साथी विरोध में सदन से बाहर चले गए। इस बीच, कुछ सपा सदस्य नारेबाजी करते हुए सदन के बीचोंबीच आ गए।जब सपा सदस्य सदन के आसन के समीप आकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, तब डीएमके सदस्य ए राजा को कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी सदस्यों से अपनी सीटों से उठकर सपा के विरोध प्रदर्शन में शामिल होने का आग्रह करते देखा गया।



समाजवादी पार्टी के सांसदों के समर्थन में एनसीपी और शिवसेना-यूबीटी के सदस्य खड़े हो गए।कांग्रेस के कुछ सदस्य भी खड़े हो गए और सदन में विपक्ष के नेता राहुल गांधी विरोध के समर्थन में सदन में आ गए।जब विरोध प्रदर्शन चल रहा था, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए यादव से संपर्क किया।कुछ देर बाद यादव को अपनी पार्टी के सांसदों को जाने का इशारा करते हुए देखा गया और गांधी समेत विपक्षी सदस्यों ने वॉकआउट कर दिया। इसके बाद सांसद चल रहे प्रश्नकाल में भाग लेने के लिए वापस आ गए।

## श्रीनगर के हारवन इलाके में आतंकियों के साथ मुठभेड़ जारी, एक दहशतगर्द ढेर



**जम्मू, 03 दिसम्बर [एजेंसी]।**

ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर के साथ सटे हारवन के ऊपरी जंगल में कल रात को उस समय गोलियों की आवाज गूंज उठी ,जब सुरक्षाबलों की घेराबंदी तोड़ भागने के लिए आतंकियों ने गोली चलाई। सुरक्षाबलों ने भी खुद को बचाते हुए जवाबी फायर किया और उसके बाद दोनों तरफ से गोलीबारी शुरू हो गई। सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया है। मारे गए आतंकी की पहचान का पता लगाया जा रहा है। उसके अन्य साथियों के खिलाफ सुरक्षा बलों का अभियान जारी है घेराबंदी में दो से तीन आतंकियों के फंसे होने की सूचना है। यहां मिली जानकारी के अनुसार, सुरक्षाबलों ने आज हारवान के ऊपरी हिस्से में आतंकियों के छिपे होने की सूचना पर एक तलाशी अभियान चलाया। इसी अभियान के दौरान जंगल में आगे बढ़ रहे जवानों पर एक जगह छिपे आतंकियों ने गोली चलाई। मुठभेड़ रात 11.30 बजे के करीब शुरु हुई है।जिस इलाके में यह मुठभेड़ हो रही है, वह दाचीगाम नेशनल पार्क का ही एक हिस्सा है और जब्रवान की पहाड़ियों के बीच स्थित है।

इस इलाके का इस्तेमाल आतंकी बांडीपोर-कंगन-गांदरबल से दक्षिण कश्मीर जाने के लिए या फिर दक्षिण कश्मीर से गांदरबल के रास्ते बांडीपोर की तरफ जाने के लिए करते हैं। यह इलाका दाचीगाम को त्राल से जोड़ता है। संबधित सूत्रों ने बताया कि घेराबंदी में फंसे आतकियों की सही संख्या मालूम नहीं हो पायी है,लेकिन आतंकियों की तरफ से हो रही फायरिंग के आधार पर उनके दो से तीन तक होने कादावा किया जा रहा है। अन्य विवरण की प्रतीक्षा है।

## अयोध्या दर्शन कर लौट रही श्रद्धालुओं से भरी बस पलटी, 15 यात्री घायल

**छिंदवाड़ा , 03 दिसम्बर [एजेंसी]।**



अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन कर वापस छिंदवाड़ा लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी बस चौरई में हादसे का स्वीकार हो गई। बस सोयाबीन प्लांट के पास पलट गई। हादसे में 15 यात्री घायल हुए हैं, जिनका इलाज जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम प्रभात मिश्रा, एसडीओपी सौरभ तिवारी मौके पर पहुंचे। इसके अलावा एसपी अजय पांडे भी घटनास्थल पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए है। बताया जा रहा है कि बस जब केंद्रीय विद्यालय के पास से जा रही थी, तो सामने से आ रहे ट्राले ने गलती तरीके से कट मारा। इससे बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई और पलट गई। सभी श्रद्धालु 27 नवंबर को छिंदवाड़ा से काशी विश्वनाथ और अयोध्या के दर्शन के लिए निकले थे। एएसपी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं से भरी बस राहुल बस की है।

## पैदल दिल्ली कूच पर अड़े किसान, पुलिस को 'सुप्रीम' आदेश का इंतजार, पंधेर बोले- नहीं जाने दोगे तो...



**अंबाला शहर।** किसानों की ओर से 6 दिसंबर को प्रस्तावित दिल्ली कूच को लेकर अंबाला जिले में सोमवार को पहली बैठक संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक ) और किसान मजदूर मोर्चा की पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र भौरिया के बीच हुई। करीब एक घंटा चली बैठक में पुलिस ने किसानों का रूट प्लान और कितने किसान होंगे आदि जाना ताकि ट्रैफिक के कारण जनता को परेशानी है। किंतु किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने कहा वह शंभू बॉर्डर से ही पैदल जाएंगे। शंभू बॉर्डर सील किया हुआ है, हरियाणा की तरफ फोर्स डटी है, जबकि पंजाब की तरफ किसान बैठे हैं। एसपी ने किसानों को अवगत करवाया कि शंभू बॉर्डर का मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है, सुप्रीम कोर्ट में स्टेट्स- को है।

अब स्पष्ट हो गया कि फैसला राज्य सरकार को लेना होगा कि किसानों के निकलने के लिए शंभू बॉर्डर से रास्ता खोला जाएगा या नहीं। इस बात पर आज सहमति बन नहीं सकी क्योंकि जिला स्तर पर बॉर्डर से रास्ता देने का फैसला नहीं लिया जा सकता। हालांकि किसानों ने पक्ष रखते कहा वह पैदल ही जाएंगे, इसके लिए सरकार ने ही कहा था। बैठक में यह भी बात हुई कि किसान हरियाणा के बाद दिल्ली में कहां जाएंगे। पुलिस की ओर से किसानों से अन्य रास्ते बारे भी पूछा गया। किसानों ने कहना था कि किसान मोर्चे की ओर से एलान किया हुआ है और वह वह पैदल शंभू बॉर्डर से ही जाएंगे, अगर नहीं जाने देंगे तो वह बैठे ही रहेंगे।

## सुखबीर सिंह बादल अपनी तपस्या के पहले दिन स्वर्ण मंदिर पहुंचे



**अमृतसर।** शिरोमणि अकाली दल (एसएडी) के पूर्व अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल मंगलवार सुबह अपनी तपस्या के पहले दिन अमृतसर के स्वर्ण मंदिर पहुंचे। पैर में फ्रैक्चर होने के कारण व्हीलचेयर पर बैठे हुए वे गले में पट्टिका पहने हुए देखे गए। अगस्त में अकाल तख्त द्वारा उन्हें तनखैया (धार्मिक दुराचार का दोषी) घोषित किए जाने के बाद यह कदम उठाया गया है, जिसमें उनके लिए धार्मिक दंड की घोषणा की गई थी। बादल, जिन्होंने 2007 से 2017 तक पंजाब के उपमुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया, अब स्वर्ण मंदिर में सेवादार का काम करेंगे - बर्तन धोना, जूते और बाथरूम साफ करना। अकाल तख्त ने 2007 से 2017 तक पंजाब में अकाली दल और उसकी सरकार द्वारा की गई गलतियों और कुछ निर्णयों का हवाला देते हुए उन्हें यह सजा सुनाई। अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह की अध्यक्षता में पांच महापुरोहितों ने शिरोमणि अकाली दल (एसएडी) की कार्यसमिति से पार्टी प्रमुख के रूप में सुखबीर बादल के इस्तीफे को स्वीकार करने के लिए कहा और कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल को दी गई फखर-ए-कौम की उपाधि वापस ली जाती है। अकाल तख्त पर सिख धर्मगुरुओं ने तनखाह (धार्मिक दंड) सुनाते हुए कहा कि सुखबीर सिंह बादल 3 दिसंबर को दोपहर 12.00 बजे से 1.00 बजे तक बाथरूम साफ करेंगे।

उन्हें अपने गले में एक पट्टिका पहनने के लिए कहा गया था। आदेश पढ़ते हुए ज्ञानी रघबीर सिंह ने कहा था कि सुखबीर बादल और कैबिनेट मंत्रियों को 15 दिनों के भीतर अपना लिखित स्पष्टीकरण देना होगा। उन्होंने कहा कि श्री अकाल तख्त साहिबजी पर पंज सिंह साहिबों की बैठक हुई, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पंजाब सरकार के उपमुख्यमंत्री और शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष के तौर पर सुखबीर सिंह बादल ने कुछ ऐसे फैसले लिए, जिससे पंथक स्वरूप की छवि को ठेस पहुंची है।

डिलाईट क्लॉथ सेंटर
ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा
अब नये परिसर में नई साज-सज्जा के साथ
साड़ियों की विशाल रेंज
SUBHASH | Ambica | Cotton | SILK
Ladies Wear
सूट पीस । लहंगा । ड्रेस मटेरियल
कुर्ती सेट । वेस्टर्न वियर
प्लॉट नं. 81, टीवीएस शोरूम के बगल में, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो. : 8120594099

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा



# कोई संशय नही किसानों को धान के समर्थन मूल्य को लेकर,मिलेगी पूरी राशि



कोरबा। किसान धनीराम, मनहरण लाल, आशा राम, तिजउ राम सहित अन्य किसानों को भली भांति याद है कि उन्हें धान का अच्छा दाम सरकार से मिला था। दो साल का बकाया बोनस मिलने के साथ ही कृषक उन्नति जैसी योजना से एकमुश्त आदान राशि खाते में आने से उनकी कई जरूरतों की पूर्ति हो गई। राशि मिलने से जो कर्ज था उसे भी चुकता कर राहत पाई। किसानों का कहना है कि इस बार भी धान का फसल लिया है। पंजीयन करा चुके हैं और अभी खेत से घर पर लाकर मिंजाई का कार्य किया जा रहा है। जल्दी ही उपार्जन केंद्र में धान ले जाकर बेचेंगे। उन्हें पिछले साल धान का पूरा दाम मिला था और इस बार भी मिलेगा।

करतला विकासखंड के ग्राम सलिहांभाठा के ज्यादातर किसान अपने खेतों में धान की फसल ही लेते हैं। किसान धनीराम खैरवार की उम्र लगभग 71 साल की है। उन्होंने बताया कि वे दशकों से खेती किसानी करते आ रहे हैं। अभी लगभग पौने चार एकड़ खेत में फसल लेते हैं। उन्होंने बताया कि खेती करना सबके लिए आसान नहीं है। फसल ठीक से हुई तब तो ठीक है, वर्ना किसान धान बेच नहीं पाते। उनका कहना है कि पहले किसानों को अपने मेहनत का ठीक से मूल्य भी नहीं मिल पाता था। कड़ी मेहनत के बाद भी वाजिब कीमत नहीं मिलने से किसानों में निराशा स्वाभाविक थी। अब तो किसानों को 3100 रूपए प्रति क्विंटल मिल रहा है। इससे हम किसानों को धान बेचने का प्रोत्साहन मिल रहा है। लगभग पांच एकड़ में धान का फसल लेने वाले किसान मनहरण लाल केंवट का कहना है कि उन्होंने विगत वर्ष 97 क्विंटल धान बेचा था। धान बेचने के बाद मिली राशि और आदान राशि उसके लिए घर की जरूरतों को पूरा करने का एकमात्र सहारा है। उन्होंने बताया कि उनके ऊपर कर्ज था। कृषक उन्नति योजना से मिली राशि उनके कर्ज का चुकाने में मददगार साबित हुई। किसान आशाराम सवा तीन एकड़ में और तिजउ राम चार एकड़ में धान का फसल लेते हैं। विगत वर्ष लगभग 61 क्विंटल धान बेचने वाले किसान आशा राम कुछ दिन में फिर धान बेचने जायेंगे। तिजउ राम ने भी अपना पंजीयन करा लिया है। इन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने किसानों के लिए बड़ा निर्णय लिया है। 3100 रूपए क्विंटल में धान की कीमत अन्य जगहों में नहीं मिल रहा है। 21 क्विंटल प्रति एकड़ में धान खरीदने का भी ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। इससे किसान अपनी उत्पादन बढ़ाने जोर देंगे।

# धान को भीगने से बचाने करें आवश्यक व्यवस्था: कलेक्टर

### तिरपाल से ढ़कने के निर्देश



कोरबा। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने बादल और बारिश की संभावनाओं को देखते हुए जिले के सभी धान उपार्जन केंद्रों में आवश्यक व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। उन्होंने धान खरीदी के पश्चात रखे गए धान को तिरपाल से ढकने और भीगने से बचाने के निर्देश दिए हैं।

जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में 14 नवम्बर से धान की खरीदी हो रही है। कलेक्टर सहित उनके मार्गदर्शन में सभी केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण मातहत अधिकारी कर रहे हैं। उन्होंने किसी प्रकार की गड़बड़ी करने पर कार्यवाही की चेतावनी भी दी है। इसके साथ ही जांच में गड़बड़ी पाए जाने पर कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर श्री वसंत ने विगत 2 दिन से मौसम में हुए परिवर्तन को देखते हुए धान उपार्जन केंद्रों में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी एसडीएम, नोडल अधिकारियों को धान उपार्जन केंद्र के निरीक्षण और बारिश से बचाव हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि ख़रीदे गए धान को चबूतरे में सुरक्षित रखने के साथ उसे तिरपाल से ढका जाए। तिरपाल किसी जगह से फ़टी हुई न हो और बारिश का पानी धान को न भीगा सके, इस दिशा में तैयारी की जाए। उन्होंने कहा है कि किसानों के मेहनत से उपजे धान का एक-एक दाना कीमती है और यह अनावश्यक बारिश में बर्बाद न हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने खाद्य निरीक्षकों,राजस्व निरीक्षकों और पटवारियों को भी संग्रहित धान के सुरक्षा के निर्देश दिए हैं।

# मल्टीलेबल पार्किंग की ठेका कंपनी को निगम ने किया ब्लैकलिस्ट,3 करोड़ राजसात

कोरबा। कोरबा नगर निगम के मल्टीलेवल पार्किंग के मामले में ठेकेदार के खिलाफ की गई कार्यवाही को उच्च न्यायलय ने सही ठहराया है। ठेका कंपनी ने कार्यवाही के खिलाफ उच्च न्यायलय में याचिका दायर की थी जिसे खारिज कर दिया गया है।जानकारी के अनुसार सुनालिया चौक के पास 15 करोड़ की लागत से मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण कराया जा रहा है। वर्ष 2017 में इसके लिए वर्कआर्डर भी जारी हो गया था। इसका ठेका मेसर्स विकास कंस्ट्रक्शन कंपनी को दिया गया था। लेकिन ठेका कंपनी ने वर्ष 2019 तक काम को पूर्ण नहीं किया। जिसके कारण अभी भी पार्किंग का निर्माण पूर्ण नहीं हुआ है। हालांकि बीच में जिला प्रशासन चिल्ड्रन हॉस्पिटल या व्यावसायिक परिसर बनाने के संबंध में योजना बना रहा था। लेकिन इसकी प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी। अधूरे कामों को पूरा करने ठेका कंपनी को नोटिस भी जारी किया गया।कार्य पूर्ण नहीं होने पर 22 जुलाई को तत्कालीन निगम आयुक्त प्रतिष्ठा मंमगई ने ठेका कंपनी के कार्य को ही निरस्त कर दिया। इसके साथ ही अमानत राशि को भी जब्त करते हुए 1 साल के लिए ब्लैक लिस्ट करने का आदेश जारी किया।इसे ठेकेदार ने उच्च न्यायलय में चुनौती दी थी। उच्च न्यायलय ने सुनवाई के बाद निर्माण कार्य को लेकर बरती गई प्रशासनिक लापरवाही पर भी नाराजगी जताई थी। लेकिन जब दस्तावेज प्रस्तुत किए गए तो ठेका कंपनी की ही गलती पाई गई। उच्च न्यायलय ने ठेका कंपनी की याचिका को खारिज कर दिया है। ठेका कंपनी की करीब 3 करोड़ की राशि राजसात की गई है। अब नए सिरे से इसका निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए नगर निगम निविदा भी जारी कर चुका है। मल्टीलेवल पार्किंग का कार्य पिछले 8 साल से अधूरा पड़ा है। करीब 11 करोड़ से अधिक की राशि इसमें खर्च की जा चुकी है।

# 20 नए शिक्षक आवास स्वीकृत, बदलेगी दूरस्थ क्षेत्रों के स्कूलों की तस्वीर



कोरबा । अनुसूचित जिले में शिक्षा के महत्व को ध्यान रखकर जिले के कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर बेहतर शैक्षणिक माहौल विकसित करने की दिशा में पहल की जा रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर ने दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यालयों में पढ़ाने वाले शिक्षकों के आवास की कमी और आवास नहीं होने से विद्यालय आने में हो रही समस्याओं को ध्यान रखकर डीएमएफ से 20 रेसिडेंशियल हॉस्टल (शिक्षक आवास) स्वीकृत किए हैं। इसके लिए पीडब्ल्यूडी एवं आरईएस को एजेंसी नियुक्त करते हुए 09 करोड़ 12 लाख 90 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। स्कूल के समीप आवास बनने के पश्चात् दूरस्थ क्षेत्र के विद्यालयों में शिक्षक नियमित रूप से अपनी उपस्थिति दे पाएंगे। इससे विद्यालयों में शिक्षा का स्तर भी बेहतर होगा।

कलेक्टर श्री वसंत ने जिला खनिज संस्थान न्यास से जिले के पोड़ी-उपरोड़ा, कोरबा, पाली, करतला ब्लॉक अंतर्गत दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित विद्यालयों में अध्यापन कराने वाले शिक्षकों के आवास की कमी को देखते हुए 20 रेसिडेन्शियल हॉस्टल की स्वीकृति प्रदान की है। इन रेसिडेन्शियल हॉस्टलों में नजदीकी क्षेत्र के विद्यालयों में अध्यापन कराने वाले शिक्षक रूक पाएंगे। उन्होंने कोरबा विकासखण्ड के संकुल श्यांग, संकुल अजगरबहार, संकुल लेमरू, संकुल कुदमुरा, करतला विकासखण्ड अंतर्गत संकुल बरपाली, संकुल करतला, संकुल कोरकोमा, संकुल रामपुर, कटघोरा विकासखण्ड अंतर्गत संकुल रंजना, संकुल कटघोरा में रेसिडेन्शियल हॉस्टल का निर्माण कार्य हेतु 10 स्थानों पर ग्रामीण स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को एजेंसी नियुक्त करते हुए प्रत्येक संकुलों के लिए राशि 4169000 के मान से प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

इसी तरह लोक निर्माण विभाग को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त करते हुए कलेक्टर ने पोड़ी-उपरोड़ा विकासखण्ड अंतर्गत संकुल पसान, संकुल मोरगा, संकुल जटगा, संकुल कोरबी तथा पाली विकासखण्ड के संकुल जेमरा, संकुल तिवरता, संकुल उतरदा, संकुल चोढ़ा, संकुल सिल्ली और संकुल सपलवा में रेसिडेन्सियल हॉस्टल के निर्माण हेतु प्रत्येक के लिए अलग-अलग 49 लाख 60 हजार के मान से प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

पाली महाविद्यालय में बनेगा ऑडिटोरियम -

कलेक्टर श्री वसंत ने शासकीय नवीन महाविद्यालय पाली में यहां की आवश्यकताओं को देखते हुए 01 करोड़ 14 लाख 70 हजार रूपए की लागत से ऑडिटोरियम निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। ऑडिटोरियम बनने से महाविद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित हो पाएगी।



## विभिन्न क्षेत्रों के लोगों की समस्याएं प्रशासन ने सुनी, होगा निराकरण

कोरबा। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज साप्ताहिक जनदर्शन में आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और इसके निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त आवेदन पत्रों को विभागवार संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में ई-रिक्शा सिटी लाइफ युवा समिति ने इलेक्ट्रॉनिक ऑटोरिक्शा चार्जिंग पॉइंट बनाने की मांग की। मुड़ापार के संजय कुमार राज ने अपनी बहन की मृत्यु पश्चात् प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत राशि दिलाने, ग्राम अखरापाली के ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग में प्रभावित आंगनबाड़ी को पुनः बनाने पहाड़ी कोरवा, शनिचरी बाई ने स्थानांतरण कराने, जपेली के छतराम ने सीमांकन के आवेदन दिए । इसी तरह अन्य ग्रामीणों ने भी कलेक्टर से मिलकर अपनी समस्याओं से जुड़े आवेदन दिए।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनदर्शन में कलेक्टर के समक्ष उपचार, प्रधानमंत्री आवास, आर्थिक सहायता, बेजा कब्जा हटाने, अतिक्रमण की शिकायत, आदि के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में कुल 44 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने प्राप्त सभी आवेदनों का समय पर निराकरण के निर्देश दिए हैं। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश कुमार नाग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सप्तदेव मंदिर में अमावस्या पर हुआ मंगलपाठ

कोरबा। प्रत्येक माह की अमावस्या पर सप्तदेव मंदिर में माँ श्री राणीसती दादी का भव्य मंगलपाठ किया जाता हैं एवं इसी तारतम्य में रविवार को मार्गशीष अमावस्या के अवसर पर मंदिर में दादी जी का भव्य संगीतमय मंगलपाठ दोपहर 3.30 बजे से सायं 6.30 बजे तक किया गया। इस अवसर पर बडी संख्या में मंगलपाठी बहनें अपने पूर्ण परिधान नथ, चूडा, चुनडी के साथ मंदिर में उपस्थित थी जिनके द्वारा एक लय एक राग में बहुत ही सुंदर एवं अनुशासन के साथ मनमोहक संगीतमय मंगलपाठ किया गया तत्पश्चात आरती की गई एवं प्रसाद वितरित किया गया जिसमें काफी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। आज के दिन मंदिर के ट्रस्टी गौरव मोदी एवं अंकिता मोदी के विवाह की वर्षगांठ होने एवं मंदिर की ट्रस्टी प्रेमा अग्रवाल के जन्मदिन होने के कारण मंदिर में उपस्थित समस्त सदस्यों ने इस उत्सव को और भी धूमधाम से मनाया एवं केक काटकर खुशियां मनाई गई तथा उन्हे विवाह एवं जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी एवं दीर्घायू होने की कामना की।

# बाल विवाह मुक्त कोरबा बनाने के लिए साझा पहल





कोरबा। ''बाल विवाह मुक्त भारत'' अभियान का आयोजन केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री भारत सरकार श्रीमती अन्नपूर्णा देवी द्वारा विज्ञान भवन नई दिल्ली में किया गया। इस अभियान के तहत कोरबा जिले में बाल विवाह रोकथाम और जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में समाज के हर वर्ग को शामिल कर बाल विवाह जैसी कुप्रथा के खिलाफ सशक्त कदम उठाने हेतु शपथ दिलाई जा रही है।

**''मिशन वात्सल्य टीम कर रही है जागरूक''**

महिला एवं बाल विकास विभाग की मिशन वात्सल्य टीम ने विविध स्थलों में पहुंचकर जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से बाल विवाह कुप्रथा, रोकथाम व दुश्परिणामों से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने 18 वर्ष की आयु से कम लड़की व 21 वर्ष से कम आयु के लड़के के विवाह को कानूनन अपराध बताते हुए, उनकी सहायता करने वाले, उसे बढ़ावा देने, अनुमति देने अथवा बाल विवाह में सम्मिलित होने को भी अपराध बताया एवं 2 वर्ष का कठोर करावास तथा 1 लाख रू. का जुर्माना अथवा दोनों से दण्डित, किये जाने हेतु सूचित किया। साथ ही शिक्षा का अभाव, मानसिक व शारीरिक विकास रूकावट, समय पूर्व गर्भावस्था, शिशु मृत्यु दर व मातृ मृत्यु दर में वृद्धि जैसे दुष्परिणामों से अवगत कराया। टीम द्वारा बाल विवाह सूचना मिलने पर तत्काल रोकने, सूचना जिला प्रशासन, पुलिस एवं महिला एवं बाल विकास विभाग एवं शिकायत के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 अथवा 112 डायल करने हेतु सूचित किया एवं सभी को बाल विवाह रोकथाम हेतु शपथ दिलाई गई।

**''बाल विवाह मुक्त पंचायत'' के लिए ग्राम सभा का आयोजन**

छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव के निर्देश पर कलेक्टर अजीत बसंत के नेतृत्व में यह अभियान संचालित हो रहा है। इसी कड़ी में प्रमुख हितधारकों, अन्य स्थानीय समुदाय के सदस्यों को शपथ दिलाई गई। साथ ही बाल विवाह मुक्त अभियान को प्रोत्साहित करने के लिए सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधि, स्कूल-कॉलेज प्रशासन, नगरीय निकाय स्थान समिति, स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, बाल देखरेख संस्थाएं, अजीविका मिशन, स्व. सहायता समूह, स्वयं सेवी संगठन एवं धार्मिक नेता इत्यादि को सम्मिलित किया गया।



# लंबित मामलों से परेशान भू-विस्थापितों ने कोयना खनन और परिवहन को रोका

कोरबा। छत्तीसगढ़ किसान सभा और भू विस्थापित रोजगार एकता संघ ने एसईसीएल के खदानों से प्रभावित भू विस्थापित किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए एक बड़ा आंदोलन किया। इस आंदोलन में लगभग 5 घंटे तक कुसमुंडा खदान बंद रखा गया और कोल परिवहन पूरी तरह से बंद कर दिया गया।

किसान सभा के नेता प्रशांत झा ने कहा कि भू विस्थापित रोजगार के लंबित प्रकरणों का निराकरण की मांग करते हुए थक गए हैं। उन्होंने कहा कि एसईसीएल के अधिकारी भू विस्थापितों के अधिकारों को छीनने में लगे हुए हैं और केवल कोयला उत्पादन को बढ़ाने में रुचि रखते हैं।

किसान सभा ने अपनी मांगों को लेकर एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की, जिसमें उन्होंने कहा कि-भू विस्थापितों को रोजगार दिया जाए- सन 1978 से 2004 तक अर्जन की गई जमीन के खातेदारों को रोजगार संबंधित प्रक्रिया पूरी कर जल्द रोजगार प्रदान किया जाए।भू विस्थापितों के फाइलों का निराकरण किया जाए- जिन भू विस्थापितों का फाइल बिलासपुर मुख्यालय में है, उन्हें तत्काल रोजगार प्रदान किया जाए।अर्जन के बाद जन्म वाले प्रकरणों का निराकरण किया जाए- अर्जन के बाद जन्म वाले सभी प्रकरणों का निराकरण कर जल्द सभी खातेदारों को रोजगार प्रदान किया जाए।खमहरिया की जमीन मूल किसानों को वापस की जाए- पूर्व में अधिग्रहित खमहरिया की जमीन मूल किसानों को वापस की जाए।भैसमाखार के विस्थापितों को बसावट प्रदान की जाए- भैसमाखार के विस्थापितों को बसावट प्रदान की जाए। किसान सभा ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर सकारात्मक पहलकदमी नहीं होती है, तो वे कोल परिवहन को बार-बार बंद करेंगे।

# रामू गैरेज के सामने मैकेनिक की हत्या,गेरवाघाट के आरोपी विकास को गिरफ्तार किया पुलिस ने

कोरबा। शराब की बोतल व टॉयलेट शीट से हमला कर युवक को मौत के घाट उतारने वाले आरोपी को सिविल लाइन रामपुर चौकी सीएसईबी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने सोमवार को मिडिया से चर्चा करते हुए इस बारे में जानकारी दी। बताया गया कि 19 नवंबर को सुखनंदन बंजारे पिता नटवर बंजारे 32 साल निवासी केनापाली थाना डभरा जिला सक्ती हाल मुकाम राजेश गैरेज टीपी नगर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि आहत खेमलाल बंजारे पिता नटवर बंजारे 45 साल निवासी केनापाली थाना डभरा जिला सक्ती हाल मुकाम रामू गैरेज टीपी नगर कोरबा इसका मंझला बड़ा भाई है, जो काफी सालों से गांव छोड़कर कोरबा टीपी नगर में रहकर रामू साहू के साथ मिलकर गैरेज का काम करता है तथा गैरेज में ही रहता व सोता है। 18 नवंबर को शाम करीब 4 बजे खेमलाल ने इसे गैरेज आकर बताया था कि वह यूनियन बैंक में खाता खोलवाया है इसके बाद वह अपने गैरेज चला गया था।

19 नवंबर को सुबह करीब 7 बजे जब सुखनंदन चाय पीने देवांगन होटल के पास आया था तब यादव पान ठेला वाले ने बताया कि तरुण गैरेज के पास मर्डर हो गया है तब वहां जाकर देखा तो इसका बड़ा भाई खेमलाल बंजारे की हत्या करने की नीयत से किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा सिर में टॉयलेट सीट पटक कर मारा गया है, जिससे सिर में गंभीर चोंट आया है एवं बेहोशी की हालत में तथा मरने की कगार पर है। सुखनंदन बंजारे की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध कमाक 719/2024 धारा 109 (1) बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

कई टीमें मामले की जांच के लिए बनाई गई। टीम के द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया, टीम के साथ फोरेंसिक अधिकारी, डॉग स्कॉड को भी शामिल किया गया। टीम के द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। जॉच के



दौरान पाया गया आहत का 01 जोड़ी चप्पल, एक नग गमछा तथा घटना में प्रयुक्त एक सफेद मटमैला रंग का वेस्टर्न टॉयलेट सीट को जप्त किया गया।

मामले का आहत खेमलाल बंजारे की उपचार के दौरान 28 नवंबर को सुबह 8ः05 बजे डी.के.एस. अस्पताल रायपुर में मौत हो गई। जिसकी मृत्यु के संबंध में पुलिस थाना गोलबाजार जिला रायपुर में मर्ग क. 0/1080/2024 धारा 194 बी.एन.एस.एस. कायम कर मृतक खेमलाल बंजारे के शव का पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमॉर्टम कराया गया है। पी.एम. रिपोर्ट अप्राप्त है, जो पुलिस थाना गोलबाजार जिला रायपुर से मर्ग क. 0/1080/2024 धारा 194 बी. एन.एस. से संबंधित मर्ग दस्तावेज छायाप्रति प्राप्त कर मामले में धारा 103 (1) बी.एन.एस. जोड़ा गया है।

पूछताछ के दौरान संदेही विकास काठे पिता काके सिंह काठे 19 वर्ष निवासी बाल विहार स्कूल के सामने अटल आवास पम्पहाउस, गेरवाघाट चौकी सीएसईबी कोरबा को तलब कर पूछताछ करने पर बताया है कि वह अभी विगत 2 सप्ताह से बुधवारी बाजार में बने ओव्हर ब्रीज के उपर सोता है तथा लोहा-टीना कबाड़ बिनने का काम करता है। संदेही जब 4-5 साल का था तब से उसके माता-पिता की मौत हो गई है और तब से लावारिस है। वह कभी स्कूल नहीं गया है । बस अपना नाम लिखने सीखा है। अर्जुन चौहान निवासी बाल विहार के सामने अटल आवास पम्पहाउस गेरवाघाट का है, जो कभी कभार इसका देखरेख करता था। यह टीपी नगर में ही खेमलाल बजारे रहता था, जो आए दिन इसे कबाड़ बिनने पर चोरी करते हो कहकर गाली-गलौच करते रहता था और मारता पीटता भी था। अभी घटना के 3-4 दिन पहले भी खेमलाल बंजारे इसे मारपीट किया था। तुलसीनगर जंगल में संदेही ने एक शराब का पव्वा छिपाकर रखा था उसे 18 नवंबर की रात्रि करीब 11ः30 बजे लेकर पैदल राजू होटल खाना लेने जा रहा था। तरुण गैरेज मोड़ में नाली के पास खेमलाल बंजारे बैठकर हांफ रहा था तथा शराब के नशे में था, जो इसे देखते ही गाली गलौज करने लगा और इसे मारने के लिए उठने लगा । इस दौरान विकास काठे अपने पास रखे देशी शराब के पव्वा से खेमलाल के सिर पर वार कर दिया। सिर में चोट लगने से खेमलाल बंजारे नाली में गिर गया। इसी दौरान राजू होटल तरफ से एक मोटर सायकल वाले को आते देखा तो विकास काठे रोड के उस पार ट्रेलर के डाला के पीछे छिप गया । आस पास देखा तो सुलभ शौचालय के सामने स्थित ठेला के पीछे एक टॉयलेट शीट पड़ा था जिसे उठाकर लाया और 2 बार खेमलाल बंजारे के सिर में पटक कर मार दिया, टॉयलेट शीट खेमलाल के सिर में ही छोड़ दिया। इसके बाद खेमलाल के पैंट के जेब की तलाशी ली तो बाएं जेब में 500 रू. मिला, जिसे निकालकर पैदल बुधवारी बाजार ओव्हर ब्रीज आ गया और खाना खाकर सो गया।

## वित्तीय सुविधा देने 4 को मेला

**जांजगीर-चांपा।** दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना अंतर्गत आजीविका ऋण मेला जनपद पंचायत बलौदा में 4 दिसम्बर को आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार जनपद पंचायत अकलतरा में 10 दिसम्बर, जनपद पंचायत नवागढ़ में 13 दिसम्बर, जनपद पंचायत पामगढ़ में 17 दिसम्बर व जनपद पंचायत बम्हनीडीह में 20 दिसम्बर को जनपद पंचायत स्तरीय आजीविका ऋण मेला आयोजन किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे ने बताया कि आजीविका ऋण मेला के माध्यम से स्व सहायता समूह की महिलाओं को स्व रोजगार से जोड़कर आगे बढ़ाना है। आजीविका ऋण मेला के माध्यम से क्रेडिट लिंकेज में बढ़ोतरी, बैंक द्वारा प्रायोरिटी सेक्टर में ऋण वितरण क्षेत्र का विस्तार, शासकीय स्व-रोजगार ऋण योजनाओं के प्रति जागरूकता, मुद्रा योजना के क्षेत्र का विस्तार आदि की जानकारी दी जाएगी।

# धान की फसल पकने पर अफसरों को याद आया कि जमीन सरकारी है, अब कार्रवाइ

**जांजगीर।** जिले में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर उसमें मकान बनाने का खेल लंबे समय चल रहा है। अब सरकारी जमीन पर कब्जा कर धान की खेती भी की जा रही है। सरकारी जमीन पर लगी धान की फसल जब पक कर तैयार हुई तो अधिकारियों को कार्रवाई की याद आई है। धान खरीदी केन्द्रों में सरकारी जमीन में हुए धान खपाने से रोकने के लिए अब कार्रवाई शुरू कर दी है। जिले में ऐसी कई पंचायत जहां अतिक्रमण कर बड़े पैमाने पर धान की फसल ली गई है। कई जगहों पर फसल जब्त किया जा रहा है। पामगढ़, नवागढ़, अकलतरा सहित कई जगहों पर सरकारी जमीन पर धान की फसल लगाई है। सरकारी जमीन पर खेती करने की शिकायत नवागढ़ क्षेत्र में अधिक है। यहां करीब 7 पंचायतें ऐसी हैं, जहां किसानों द्वारा अतिक्रमण कर करीब 50 एकड़ जमीन पर धान की फसल लगाई है। इन गांव धान जब्त कर लिया है। दरअसल ग्रामीण क्षेत्र सरकारी जमीन अब सुरक्षित नहीं है। कई जगहों पर सरकारी जमीन पर



कब्जा कर अवैध रूप से बड़े-बड़े मकान बना लिए हैं। कई जगहों पर सरकारी जमीन को खेत बना दिया है । धनेली में एक हफ्ता पहले प्रशासनिक टीम ने कार्रवाई की थी। यहां गोठान की जमीन पर भी अतिक्रमण कर धान की फसल उगा ली गई थी। इस संबंध में तहसीलदार राजकुमार मरावी ने बताया कि अतिक्रमण की जानकारी व्यापक सर्वे के बाद ही मिल पाएगी।

इन गांवों की सरकारी जमीन पर कब्जा कर लगाई फसल नवागढ़ क्षेत्र के चौराभाठा, बुड़ेना, नवागढ़, घुटिया, अमोरा, बरभाठा, मुड़पार में करीब 30 से 40 किसानों ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर फसल ली है। इन गांव में धान को जब्त करने की कार्रवाई राजस्व विभाग द्वारा की गई है। इस साल धान की खेती से पहले नहीं लगे लाल झंडे हर साल धान की खेती शुरू होने से पहले सरकारी जमीन पर लाल झंडा लगाने की कार्रवाई की जाती है। लेकिन इस साल ऐसे नहीं हुआ है। कुछ एक जगहों पर शिकायत होने पर लाल झंडा लगाने की कार्रवाई हुई थी। पहले कार्रवाई नहीं होने के कारण सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वाले लोगों के हौसले बुलंद हो गए।

मेडिकल कॉलेज की जमीन को भी बना दिया था खेत जांजगीर तहसील के ग्राम कुटरा के सरकारी जमीन पर मेडिकल कॉलेज बनाने बनाने के लिए चिह्नांकित किया गया था। करीब 40 एकड़ जमीन पर खेत बनाकर कब्जा कर लिए थे और खेती किसानी करते आ रहे थे। टीम ने यहां भी अभियान चलाकर ग्रामीणों द्वारा कब्जा किए गए जमीन को मुक्त कराया और लाल झंडा लगाकर चिह्नांकित किया था।



## उच्च मनोबल के सहाने डिप्टी कलेक्टर का सफर तय किया लखेश्वर ने

**जांजगीर-चांपा ।** दृढ़ निश्चय और मन में बस जोश व जुनून होना चाहिए। इससे किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। इस बात को चरितार्थ किया है अकलतरा विकासखंड के ग्राम हरदी हरदी महामाया के लखेश्वर यादव ने। वह हाथ और पैर से दिव्यांग है। लखेश्वर पीएससी की परीक्षा पास कर डिप्टी कलेक्टर बना है।

लखेश्वर यादव ने बताया कि वह दिव्यांग है, लेकिन उसे जरा भी अफसोस नहीं है। उसके जैसे साथियों की बस सोंच को बदलने की जरूरत है। मुकाम हासिल करने के लिए हाथ-पैर की नहीं बल्कि हौंसलों की जरूरत पड़ती है। कक्षा पहली से 12 वीं तक सरस्वती शिशु मंदिर में पढ़ाई करने के बाद लखेश्वर बिलासपुर के साइंस कालेज में पढ़ाई पूरी की। वहां से ग्रेजुएशन करने के बाद वह जांजगीर में रहकर प्रदान एकेडमी में कोचिंग पूरी करते हुए यह मुकाम हासिल किया है। लखेश्वर के पिता रेलवे के ग्रुप डी के छोटे कर्मचारी होने के बाद मुझे हमेशा कहते थे कि शिक्षक बन जा, लेकिन लखेश्वर ने मन में ठान लिया था कि उसे सिविल सर्विसेस की तैयारी कर एक बड़ा अफसर बनना है। आखिरकार वह डिप्टी कलेक्टर बन ही गया।

**गांव के युवाओं के लिए बने प्रेरणा स्त्रोत**

लखेश्वर यादव अब गांव के उन युवकों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन चुके हैं जो शारीरिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ रहकर भी इस तरह की बड़ी परीक्षा को पास नहीं कर पा रहे हैं। लखेश्वर ने युवाओं से कहा कि लगन से पढ़ाई करने से हर बड़ी परीक्षा में मुकाम हासिल किया जा सकता है।



## हाई वोल्टेज लाईन के पास नहीं हो सकेगी मिसाई

**तुस्मा।** किसान धान मिसाई में व्यस्त हैं। कई बार किसान खेत या बाड़ी के पास लगे 11 केवी या 33 केवी लाइन के नीचे थ्रेसर व अन्य मशीन से धान मिसाई करते हैं। इससे हादसे होने का खतरा बना रहता है। किसान करंट के चपेट में आ सकते हैं। साथ ही शॉर्ट-सर्किट, तार टूटने, क्षतिग्रस्त होने की आशंका बढ़ जाती है। इसे रोकने के लिए ऐसे स्थानों पर धान मिसाई करने पर रोक लगाई गई है। असिस्टेंट इंजीनियर प्रतीक भगत ने बताया कि किसान धान करते समय पैरा 11 केवी और 33 केवी लाइन तारों में जाकर चिपक जाता है। उससे बार-बार लाइन ट्रिप होने की समस्या आती है। उन्होंने कहा कि किसान अपनी सुरक्षा का ध्यान रखें। बिजली के खंभे व तार से दूरी बनाकर मिसाई करना चाहिए।

## तीन कंपनी लगाएंगी प्लेसमेंट कैंप

**जांजगीर-चांपा।** युवाओं को रोजगार प्रदान करने के 4 दिसंबर की सुबह 11 बजे 3 बजे तक जिला रोजगार व स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर-चांपा लाईवलीहुड कॉलेज परिसर में प्लेसमेंट कैंप लगाया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि कैंप में तीन नियोजक उपस्थित रहेंगे। इसमें एलएंडटी फाइनेंस रायपुर द्वारा फिल्ड ऑफिसर के 50 पद व कलेक्शन ऑफिसर के 10 पद, चैतन्य इंडिया फाइनेंस क्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड रायगढ़ द्वारा कस्टमर रिलेशनशिप एक्जीक्यूटिव के 30 पद व कैपिटल प्रोटेक्शन फोर्स प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद ने सिक्युरिटी गार्ड व सिक्युरिटी सुपरवाइजर के 550 पदों पर भर्ती की जाएगी। शैक्षणिक योग्यता 8वीं से स्नातक रखी गई है। कंपनी ने प्रतिमाह वेतनमान 11030 से 25000 रुपए निर्धारित किया है।

**न्यायालय तहसीलदार कटघोरा जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र. 202411050700057
अ -6/2024-25
ग्राम- धवईपुर/ढेलवाडीह, प.ह.नं. 09
तहसील कटघोरा

आवेदक सुरज कुमार गुप्ता पिता शीतल प्रसाद गुप्ता, जाति-बानी, निवासी ग्राम-धवईपुर तहसील-कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम धवईपुर प.ह.नं.09 स्थित भूमि ख.नं. 225/1 रकबा 0.012 हे. जो खातेदार शकर लाल, बलदेव प्रसाद, जीरा बाई पिता मोहनलाल, बंशीलाल पिता श्याम लाल, अमृतलाल, जुगरी बाई, अनंदकुंवर पिता मोतीलाल एवं ग्राम ढेलवाडीह स्थित भूमि ख.नं. 2/3, 279/10 रकबा क्रमशः 0.032 एवं 0.061 कुल ख.नं. 02 कुल रकबा 0.093 हे. भूमि जो खातेदार श्याम लाल पिता मोतीलाल के नाम पर दर्ज है जिसे आवेदक द्वारा वसीयतनामा विलेख के आधार पर अपने नाम पर नामांतरण कराने हेतु छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किय गया है। जे इस न्यायालय में विचाराधीन है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 13.12.2024 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

(सील)

**तहसीलदार**
**कटघोरा**

## एनएसएस ने लगाया 7 दिन का शिविर

**भोथिया।** शासकीय महाविद्यालय जैजैपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का 7 दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत मुक्ता में शनिवार को संपन्न हुआ। इस दौरान समापन समारोह में मुख्य अतिथि जिला पंचायत जांजगीर चांपा के सभापति गगन जयपुरिया व विशिष्ट अतिथि सुशीला सिन्हा उपस्थिति रहीं। सात दिनों तक चले इस विशेष शिविर में शिविरार्थी सुबह 4 बजे से रात 10 बजे तक विभिन्न क्रियाकलाप व्यायाम, परियोजना कार्य, बौद्धिक परिचर्चा, जनसंपर्क व सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया।

बौद्धिक परिचर्चा में जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू जी, जैजैपुर सिविल जज लीनम बसौंडे, शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय के रासेयो के समन्वयक डॉ सुशील कुमार एक्का, जैजैपुर थाना प्रभारी गगन बाजपेयी, स्वास्थ विभाग से शत्रुघ्न उपस्थिति रहे।

# छात्रों से ज्यादा फीस ली, डीईओ और मिशन समन्वयक करेंगे जांच

**जांजगीर चांपा।** जिले के डीएड व बीएड महाविद्यालय संचालकों ने शिक्षा को कमाई का जरिया बना लिया है। पिछले दिनों छात्रों ने एनसीआरटी द्वारा निर्धारित फीस से अधिक राशि लिए जाने की शिकायत कलेक्टर और शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों से की थी। शिकायत को संज्ञान में लेते हुए एनसीआरटी ने जिले के पांच शिक्षा महाविद्यालय की जांच करने के लिए डीईओ और डीएमसी जांजगीर को जिम्मेदारी दी है। एनसीआरटी ने अधिकारियों को जांच की वीडियोग्राफी कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

जिले के अधिकांश डीएड, बीएड कालेजों में लूट मची हुई है। संचालकों ने शिक्षा को कमाई का जरिया बना




लिया गया है। एनसीआरटी के द्वारा निर्धारित मापदंड को दरकिनार करते हुए मनमानी तरीके से बीएड में 30 से 40 हजार फीस की जगह 90 हजार से सवा लाख तक फीस लिया जा रहा है और रसीद सिर्फ 30 से 40 हजार का दिया जा रहा है। छात्रों ने बताया था व कि लाल बहादुर शास्त्री शिक्षण संस्थान बलौदा में अमित कुमार रजवाड़े का कालेज में अलाटमेंट पर पहले नंबर पर है। एनसीआईटी द्वारा निर्धारित शुल्क 30 हजार 970 रुपये है। लेकिन कालेज प्रबंधन द्वारा एक लाख 15 हजार रुपये मांग की जा रही है। अतिरिक्त शुल्क नहीं दे पाने के कारण प्रवेश नहीं ले रहा है।

बीएड , डीएड कालेज संचालकों के द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को कालेज नहीं आने के बाद भी उपस्थिति की छूट दी जाती है। पैसा कमाने के लिए नान अटेंडेंस एडमिशन देते हैं, रेगुलर करने वाले छात्रों को एडमिशन नहीं देते। इसका एक वीडियो भी प्रसारित हुआ था। जिसमें कालेज प्रबंधन द्वारा सवा लाख वा रुपये फीस की मांग की जा रही थी।

## हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ आज प्रदर्शन

**जांजगीर।** जांजगीर के भैरव बाबा मंदिर प्रांगण में हिंदूवादी संगठनों की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान संगठन ने कहा कि बांग्लादेश में मोहम्मद युनूस सरकार के कार्यकाल में हिंदुओं पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं। शांति के लिए नोबल पुरस्कार पाने वाले मोहम्मद युनुस इस पर किसी तरह नियंत्रण नहीं लगा पा रहे हैं, ऐसे में भारतीय उनसे नोबल पुरस्कार लौटने की मांग कर रहे है। बांग्लादेश में हिंदू महिलाओं पर अत्याचार और कत्लेआम थम नहीं रहा है जिससे भारत में अत्यधिक आक्रोश है। इसे लेकर आज प्रदर्शन रैली और ज्ञापन सौंप कर विरोध इसका विरोध जताएंगे। आज दोपहर 1 बजे से हिंदूवादी संगठन कचहरी चौक जांजगीर में प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद शासन प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस दौरान बैठक में बांग्लादेश के अंतरिम सरकार गठन के सलाहकार व प्रशासक मोहम्मद यूनुस के शांति के लिए नोबेल पुरस्कार पर भी सवाल उठाए गए। साथ ही सभी ने एक स्वर में मोहम्मद यूनुस से नोबल पुरस्कार लौटने की मांग की है।

## मंगल भवन का लोकार्पण, लोगों को मिलेगी सुविधा

**सक्ती।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत की विधायक निधि से साईं मंगल भवन का निर्माण नारायण सागर रोड मोती चंद्र महाराज समाधि स्थल के सामने किया गया है। निर्माण पूर्ण होने पर नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत और कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत ने साईं मंगल भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर श्री सत्य साईं सेवा समिति के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि जहां निस्वार्थ सेवा होती है। वहीं भगवान की उपस्थिति होती है। कार्यक्रम में समिति के महिला सदस्यों के साथ कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत ने समिति की गतिविधि, सेवा कार्य व भजन को लेकर व्यापक चर्चा की।

## रसोईया कल्याण संघ ने खाली बोरो का सदुपयोग करने की मांग की



**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ मध्याह्न भोजन रसोइया कल्याण संघ द्वारा चावल के खाली बोरे के सदुपयोग करने के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी रत्नमाला सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। संघ की जिलाध्यक्ष संतोषी कौशिक ने बताया कि शासन द्वारा स्कूलों में मध्याह्न भोजन योजना अंतर्गत प्रतिमाह चावल दिया जाता है।

चावल का उपयोग होने के बाद स्कूलों में चावल के खाली बोरे को जतन करने के साथ बोरे का उपयोग नहीं होने से मध्याह्न भोजन पकाने वाली रसोइयों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। चावल के खाली बोरों को मध्याह्न भोजन पकाने वाली समिति को दिया जाए। इससे खाली बोरों का सदुपयोग होने के साथ महिलाएं उपयोग योग्य सामग्री तैयार कर और बिक्री कर स्व-सहायता समिति की महिलाएं रोजगार प्राप्त करने के साथ आर्थिक रूप से लाभ प्राप्त कर सकेंगे। छत्तीसगढ़ मध्याह्न भोजन रसोईया कल्याण संघ के ज्ञापन पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने उच्च अधिकारियों को पत्र भेजने के साथ मामले में पहल करने का आश्वासन दिया है।

# पूर्व विधायक ने नगरदा में धान खरीदी का श्रीगणेश किया

**बाराद्वार।** सेवा सहकारी समिति नगरदा में पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू के मुख्य आतिथ्य और प्राधिकृत अधिकारी गोपाल जायसवाल की अध्यक्षता में धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। साथ ही यह भी विश्वास जताया कि नए अध्यक्ष के नेतृत्व और भाजपा के शासन में किसानों को खरीदी केंद्र में किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। सभी योजनाओं का सीधा लाभ किसानों को मिलेगा। इस अवसर पर रामदयाल सिदार, भुनेश्वर साहू, हरदयाल पटेल, दीपक राठौर, करमसिंह कंवर, घनश्याम राठौर, विनोद जायसवाल, गजेंद्र राठौर, गोपाल जायसवाल, रोशन पटेल, भुवन यादव, पोखर प्रसाद जायसवाल, देवनंदन जायसवाल, योगेंद्र जायसवाल, पंकज यादव, विश्राम दिनकर, कार्तिक राम, जागेश्वर जायसवाल, समारसिंह कंवर, बेदराम कंवर, केदार राठौर, खेम प्रकाश राठौर, मत्तु यादव, छोटे लाल यादव, लक्ष्मी नारायण कंवर, श्याम चौहान, संतोष चौहान, अच्छेराम कुर्रे, चंद्रकुमार साहू, खिलावन साहू, सहलाद कंवर, हरिश्चंद्र, शत्रुघ्न साहू, धनेश्वर कुमहार, तुलेस साहु, पुरुषोत्तम राठौर, सुशील राठौर, भरत राठौर, छवि शंकर जायसवाल, हीरालाल साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं किसान उपस्थित थे। इसी तरह प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित दारंग के धान खरीदी केंद्र में धान, कांटा, बांट का पूजा-अर्चना कर धान खरीदी की




शुरुआत की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक व भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री डॉ. खिलावन साहू उपस्थित थे।

उन्होंने किसानों को संबोधित भी किया। समिति प्रबंधक व खरीदी प्रभारी के द्वारा शासन के निर्देशों को उपस्थित किसानों को बताया गया। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व सभी किसानों से धान खरीदी में सहयोग करने की अपील की गई। इस मौके पर संस्था प्रबंधक बाबूलाल मन्नेवार, सालिगराम बरेठ, भेंखराम बरेठ, प्रभाष सिंह ठाकुर, प्रकाश ठाकुर, योगेन्द्र सोनी, टेकराम यादव, बिरेन्द्र सोनी, गोपी देवांगन, संतोष राठौर, रामानूज राठौर, दीपक ठाकुर, खोलबहरा बरेठ, मुकुतराम कंवर, घासीराम कश्यप, भरत कुमार सहित क्षेत्र के किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# पेंशन नहीं मिलने से परेशान केएसके के कर्मी आंदोलित

**अकलतरा।** केएसके महानदी पावर प्लांट नरियरा के जीवन निर्वाह भत्ता(पेंशन ) समिति की बैठक हुई। इसमें नरियरा, बनाहिल, तरौद, रोगदा, मुरलीडीह, अर्जुनी नवापारा के भूविस्थापित किसान बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। बैठक में जून, जुलाई, अगस्त 19 का तीन महीने की बकाया पेंशन राशि भुगतान की मांग को लेकर केएसके प्लांट प्रबंधन और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया है। ज्ञापन में , केएसके महानदी पावर कंपनी लिमिटेड नरियरा द्वारा प्लांट की स्थापना के बाद भी स्कूल और अस्पताल नहीं खोलने, गांव-गांव में अस्थायी कैम्प के माध्यम से मेडिकल वैन से स्वास्थ्य जांच और एंबुलेंस की सेवा शुरू करने का मुद्दा भी उठाया जाएगा।

केएसके जीवन निर्वाह भत्ता( पेंशन ) समिति के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि प्लांट प्रबंधक को कई बार ज्ञापन सौंपने के बाद भी 3 महीने का बकाया पेंशन राशि का भुगतान नहीं होने से भू विस्थापित किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्लांट की स्थापना के बाद भी आज तक स्कूल और अस्पताल नहीं खुलने से इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। प्रबंधन ने प्लांट से प्रभावित पंचायत में अस्थाई रूप से मेडिकल कैंप



लगाने के साथ-साथ डॉक्टरों द्वारा गांव के लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाता था, लेकिन प्लांट प्रबंधन ने अस्थाई रूप से मेडिकल कैंप को बंद कर दिया है। साथ ही प्लांट से प्रभावित गांवों के लोगों को एंबुलेंस की सुविधा भी नहीं दी जा रही है। बैठक में प्लांट प्रबंधन के साथ जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है। प्लांट प्रबंधन के कार्रवाई नहीं करने पर केएसके महानदी पावर प्लांट जीवन निर्वाह भत्ता (पेंशन) समिति द्वारा प्लांट के मुख्य गेट के सामने धरना प्रदर्शन और आंदोलन किया जाएगा। बैठक में समिति के उपाध्यक्ष सविता भारद्वाज, सचिव अविनाश सिंह, कोषाध्यक्ष राजेश साहू, बुद्धेश्वर सिंह, विक्रम सिंह, उपेंद्र शांडिल्य, लक्ष्मी बर्मन, संतोष भेड़पाल, रामकुमार कुर्रे, सहत्तर नेताम, हीरादास महंत, हीरा सिंह नेताम, संतोष कुमार नेताम, रविन्द्र कुमार, संतोष सिन्हा, दीपिका महंत, वेद प्रकाश रात्रे, प्रवीण महिपाल, भारत भूषण साहू, तुलसीराम निर्मलकर, पहारू दास, लक्ष्मीनारायण पाल, मानकी बाई, रूखमणी लहरे, उत्तम दास, ममता श्रीवास, राजेन्द्र दास, जेठू राम, कुंवर दास, कुंवर सिंह और भू विस्थापित किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## जागरूकता से होगा बचाव संभव



**बाराद्वार।** ग्राम नगरदा में स्थित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एपी गोस्वामी ने किया। उन्होंने विश्व एड्स दिवस के बारे में जानकारी दी और उसके बारे में जन जागरूकता को प्रचार करने को कहा गया। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. केपी कुर्रे ने एड्स के बारे में लोगों में फैली भ्रांतियां के बारे में जानकारी दी। डॉ. अरविंद जगदेव ने एड्स के प्रति जागरूक रहने और उसके लक्षण के बारे में बताए। कार्यक्रम का संचालन प्रो. मुन्ना सिदार ने किया। उन्होंने संचालन के दौरान एड्स के प्रति जागरूकता और बिना संकोच के उसके बारे में अपनी जानकारी को प्रचार करने को बताया।

नेहरू युवा केंद्र चांपा ने क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें प्रथम मुकेश कुमार द्वितीय सीमा केंवट और तृतीय नंगिता साहू आने वाले प्रतिभागियों को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। महाविद्यालय के अतिथि व्याख्याता सुनीता कशेर ने एड्स के प्रति जागरूकता और एड्स के लक्षण के बारे में जानकारी दी। जागरूकता ही बचाव का नारा दिया। इस अवसर पर डॉ. अमित कुमार तिवारी, प्रो. आशीष दुबे, अमन गढ़ेवाल, संतराम पटेल, डॉ. जीवन खूंटे, कुसमिला कुजूर, मनोज राठौर, गिरीश तंबोली, आनंद कुमार, जयप्रकाश, नागेश, नितेश, अंकित, वर्षा राठौर, धनंजय, गौतम, मुकेश, नेहा, निकिता, सोनम, गरिमा, ज्योति, भगवती, रोशन, रिया, कुसुम, पूजा, तनूजा, गणेशी, पुष्पांजलि, अमर दास, चंद्रिका, धनंजय, विनय सहित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक, सेविकाएं, महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक और छात्र उपस्थित थे।

## अनमोल वचन......

**किस्मत के पन्ने वही पलटता है**
**जो दिन रात मेहनत करता है!**

# चुनावी हेरफेर का सवाल

*उद्देश्य विपक्ष को आगाह करना भर है कि चुनावी हेरफेर का सवाल वे केवल पराजय के दिन उठाएंगे और फिर सब भूल कर अगले चुनाव की तैयारी में जुट जाएंगे, तो इस गंभीर मुद्दे पर जनता के बीच कोई नैरेटिव वे खड़ा नहीं कर पाएंगे।*

*महा विकास अघाड़ी की हार के बाद शिव सेना (उद्धव) नेता संजय राउत ने कहा कि उनकी पार्टी महाराष्ट्र का मन' जानती है। स्वाभाविक रूप से ऐसा नतीजा नहीं आ सकता था। यानी सत्ता पक्ष ने हेरफेर से चुनाव जीता। इसी गठबंधन में शामिल समाजवादी पार्टी के एक पराजित उम्मीदवार ने कहा कि 19 से 17 दौर की गिनती तक वे आगे थे। मगर उसके बाद 99 फीसदी चार्ज्ड' ईवीएम निकले, जिनमें अंतर इतना था कि अंततः वे हार गए।*

*कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ताओं ने निर्वाचन आयोग पर नियोजित ढंग से चुनावों में समान धरातल खत्म करने का आरोप लगाया। हरियाणा की तरह ही उन्होंने महाराष्ट्र के परिणाम की साख पर गंभीर सवाल उठाए। साल भर पहले मध्य प्रदेश में हार के बाद वहां के कांग्रेस नेताओं ने ईवीएम में हेरफेर के आरोप लगाए थे। यानी अब यह आम रुझान बन गया है। जहां भी विपक्षी दलों की हार होती है, वे उसे सहज स्वीकार नहीं करते। हालांकि इसका कोई ठोस उत्तर उन्होंने पेश नहीं किया है कि सब कुछ मैनेज्ड हो चुका है, तो झारखंड और कश्मीर घाटी में कैसे भाजपा गठबंधन हार गया और लोकसभा चुनाव में कैसे भाजपा को उतना तगड़ा झटका लग गया था।*

*इस प्रश्न को उठाने का मकसद यहां विपक्षी दलों के संदेह और सवालों को संदिग्ध बनाना या उन्हें निराधार बताना नहीं है।*

*उद्देश्य सिर्फ विपक्ष को आगाह करना है कि वे ऐसे सवाल केवल चुनावी पराजय के दिन उठाएंगे और दो चार दिन में सब भूल कर अगले चुनाव की तैयारी में लग जाएंगे, तो वे इस गंभीर मुद्दे पर आम जन के बीच कोई नैरेटिव तैयार नहीं कर पाएंगे।*

*उनकी बातों में तनिक भी दम हो, तो फिर इस वक्त इससे ज्यादा बड़ा मुद्दा देश के सामने कोई और नहीं है। इसका अर्थ होगा कि देश में लोकतंत्र को सत्ता की मुट्ठी में समेट लिया गया है। मगर आज तक इंडिया गठबंधन ने इस मुद्दे पर कोई साझा राय या जन अभियान का साझा कार्यक्रम नहीं बनाया। क्यों। इस क्यों' को विपक्ष अब सिर्फ अपनी साख की कीमत पर ही नजरअंदाज कर सकता है।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच समंजास्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। व्यवसाय कर रहे लोग व्यवसाय को आगे बढ़ाने में कामयाब होंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। नए वाहन का सुख प्राप्त होगा।

**वृष राशिः** आज आपके दिन की शुरुआत शांत मन होगी। आज आपके धन-धान्य में वृद्धि होने के योग हैं। आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आपकी सेहत में कुछ उतार-चढ़ाव बना रहेगा। तली-भुनी चीजें खाने से आपको बचना चाहिए।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। छात्र छात्राओं को अपने काम को कल पर नहीं टालना चाहिए, आपको जब भी खाली समय मिले अपने काम को पूरा कर ले। कुछ नए विषयों में आपकी रुचि बढ़ेगी , जिसमें गुरुजनों का साथ मिलेगा।

**कर्क राशिः**आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। आज आपको महसूस होगा की परिवार के सदस्यों का आपके जीवन में विशेष महत्व है। आपको ऐसी जगह से महत्वपूर्ण बुलावा आएगा, जहां से आपने कभी कल्पना भी नहीं की हो। जीवन साथी की वजह से आपकी कोई योजना या कोई कार्य बन सकता है , लेकिन धैर्य बनाए रखें।

**सिंह राशिः** आज आपकी दिनचर्या अच्छी रहेगी। आज आपके अंदर पॉजिटीविटी बनी रहेगी, जिससे आपका मन काम करने में लगा रहेगा। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होगी। ऑनलाइन बिजनेस कर रही महिलाओं की इनकम में इजाफा होगा।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए दिन बदलाव से भरा रहने वाला है। जो लोग पैतृक व्यवसाय कर रहे हैं व्यवसाय में कुछ बदलाव के लिए अपने पिताजी से बातचीत करेंगे। आज पड़ोस में हो रहे भजन, कीर्तन में परिवार के साथ सम्मिलित होंगे।

**तुला राशिः** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। अपने माता-पिता से आप अपने मन की बातों को साझा करेंगे। जो लोग घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, वो आज अपने परिवार से मिल सकते हैं।

आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें, मौसम में परिवर्तन की वजह से थोड़ी परेशानी हो सकती है। समाज सेवा से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढेगा, लोगों का सहयोग मिलेगा। आज के दिन अपनी वाणी पर संयम बना के रखें, किसी के विवाद में न पड़ें।

**धनु राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। नौकरी कर रहे लोगों की अच्छी इनकम होगी। प्रॉपर्टी से जुडी समस्याओं के लिए भागदौड़ के उपरांत काम बन जायेगा। सगे सम्बन्धियों से अच्छे तालमेल बनेंगे। आज किसी असहाय की सहायता करने का मौका मिलेगा।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिये ठीक-ठाक रहेगा। आज आपकी उदासी की वजह आपकी नेगेटिव सोच हो सकती है। आपको परिवार में फिर से खुशी का माहौल बनाने के लिए जल्द से जल्द इस से बाहर आने की जरूरत है। बच्चे उम्मीदों पर खरे ना उतर कर आपको निराश कर सकते हैं।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज घर में शुभ समाचार मिलने की सम्भावना होगी, दांपत्य जीवन का सुख मिलेगा। आपका विनम्र स्वभाव सारहा जाएगा।

**मीन राशिः**आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज आप जो भी काम करेंगे वह पूरे मन से करेंगे। कोई नया अनुभव आपको मिलेगा। मानसिक परेशानी का निवारण होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपका सामाजिक दायरा और आपका सम्मान भी बढ़ेगा। आप किसी मित्र से सहयोग लेंगे। आज आपको विवाद से बचकर रहना चाहिए अन्यथा आप मुसीबत में पड़ सकते हैं।

# भारत में सहकारिता आंदोलन को सफल होना ही होगा

//प्रह्लाद सबनानी//

**भारत में सहकारिता आंदोलन का यदि सहकारिता की संरचना की दृष्टि से आंकलन किया जाय तो ध्यान में आता है कि देश में लगभग 8.5 लाख से अधिक सहकारी साख समितियां कार्यरत हैं। इन समितियों में कुल सदस्य संख्या लगभग 28 करोड़ है। भारत में आर्थिक विकास को गति देने के उद्देश्य से सहकारिता आंदोलन को सफल बनाना बहुत जरूरी है। वैसे तो हमारे देश में सहकारिता आंदोलन की शुरुआत वर्ष 1904 से हुई है एवं तब से आज तक सहकारी क्षेत्र में लाखों समितियों की स्थापना हुई है। कुछ अत्यधिक सफल रही हैं, जैसे अमूल डेयरी, परंतु इस प्रकार की सफलता की कहानियां बहुत कम ही रही हैं।**



कहा जाता है कि देश में सहकारिता आंदोलन को जिस तरह से सफल होना चाहिए था, वैसा हुआ नहीं है। बल्कि, भारत में सहकारिता आंदोलन में कई प्रकार की कमियां ही दिखाई दी हैं। देश की अर्थव्यवस्था को यदि 5 लाख करोड़ अमेरिकी डालर के आकार का बनाना है तो देश में सहकारिता आंदोलन को भी सफल बनाना ही होगा। इस दृष्टि से केंद्र सरकार द्वारा एक नए सहकारिता मंत्रालय का गठन भी किया गया है। विशेष रूप से गठित किए गए इस सहकारिता मंत्रालय से अब सहकार से समृद्धि की परिकल्पना के साकार होने की उम्मीद भी की जा रही है। भारत में सहकारिता आंदोलन का यदि सहकारिता की संरचना की दृष्टि से आंकलन किया जाय तो ध्यान में आता है कि देश में लगभग 8.5 लाख से अधिक सहकारी साख समितियां कार्यरत हैं। इन समितियों में कुल सदस्य संख्या लगभग 28 करोड़ है। हमारे देश में 55 किस्मों की सहकारी समितियां विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही हैं। जैसे, देश में 1.5 लाख प्राथमिक दुग्ध सहकारी समितियां कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त 93,000 प्राथमिक कृषि सहकारी साख समितियां कार्यरत हैं। ये मुख्य रूप से ग्रामीण इलाकों में कार्य करती हैं। इन दोनों प्रकार की लगभग 2.5 लाख सहकारी समितियां ग्रामीण इलाकों को अपनी कर्मभूमि बनाकर इन इलाकों की 75 प्रतिशत जनसंख्या को अपने दायरे में लिए हुए है। उक्त के अलावा देश में सहकारी साख समितियां भी कार्यरत हैं और यह तीन प्रकार की हैं। एक तो वे जो अपनी सेवाएं शहरी इलाकों में प्रदान कर रही हैं। दूसरी वे हैं जो ग्रामीण इलाकों में तो अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं, परंतु कृषि क्षेत्र में ऋष्ण प्रदान नहीं करती हैं। तीसरी वे हैं जो उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों एवं कर्मचारियों की वित्त सम्बंधी जरूरतों को पूरा करने का प्रयास करती हैं। इसी प्रकार देश में महिला सहकारी साख समितियां भी कार्यरत हैं। इनकी संख्या भी लगभग एक लाख है। मछली पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मछली सहकारी साख समितियां भी स्थापित की गई हैं, इनकी संख्या कुछ कम है। ये समितियां मुख्यतः देश में समुद्र के आसपास के इलाकों में स्थापित की गई हैं। देश में बुनकर सहकारी साख समितियां भी गठित की गई हैं, इनकी संख्या भी लगभग 35,000 है। इसके अतिरिक्त हाउसिंग सहकारी समितियां भी कार्यरत हैं। उक्तवर्णित विभिन क्षेत्रों में कार्यरत सहकारी समितियों के अतिरिक्त देश में सहकारी क्षेत्र में तीन प्रकार के बैंक भी कार्यरत हैं। एक, प्राथमिक शहरी सहकारी बैंक जिनकी संख्या 1550 है और ये देश के लगभग सभी जिलों में कार्यरत हैं। दूसरे, 300 जिला सहकारी बैंक कार्यरत हैं एवं तीसरे, प्रत्येक राज्य में एपेक्स सहकारी बैंक भी बनाए गए हैं। उक्त समस्त आंकडें वर्ष 2021-22 तक के हैं। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि हमारे देश में सहकारी आंदोलन की जड़ें बहुत गहरी हैं। दुग्ध क्षेत्र में अमूल सहकारी समिती लगभग 70 वर्ष पूर्व प्रारम्भ हुई है, जिसे आज भी सहकारी क्षेत्र की सबसे बड़ी सफलता के रूप में गिना जाता है। सहकारी क्षेत्र में स्थापित की गई समितियों द्वारा रोजगार के कई नए अवसर निर्मित किए गए हैं। सहकारी क्षेत्र में एक विशेषता यह पाई जाती है कि इन समितियों में सामान्यतः निर्णय सभी सदस्यों द्वारा मिलकर लिए जाते हैं। सहकारी क्षेत्र देश के आर्थिक विकास में अपनी अहम भूमिका निभा सकता है। परंतु इस क्षेत्र में बहुत सारी चुनौतियां भी रही हैं। जैसे, सहकारी बैंकों की कार्य प्रणाली को दिशा देने एवं इनके कार्यों को प्रभावशाली तरीके से नियंत्रित करने के लिए अपेक्स स्तर पर कोई संस्थान नहीं है। जिस प्रकार अन्य बैकों पर भारतीय रिजर्व बैंक एवं अन्य वित्तीय संस्थानों का नियंत्रण रहता है ऐसा सहकारी क्षेत्र के बैकों पर नहीं है। इसीलिए सहकारी क्षेत्र के बैंकों की कार्य पद्धति पर हमेशा से ही आरोप लगते रहे हैं एवं कई तरह की धोखेबाजी की घटनाएं समय समय पर उजागर होती रही हैं। इसके विपरीत सरकारी क्षेत्र के बैंकों का प्रबंधन बहुत पेशेवर, अनुभवी एवं सक्रिय रहा है। ये बैंक जोखिम प्रबंधन की पेशेवर नीतियों पर चलते आए हैं जिसके कारण इन बैंकों की विकास यात्रा अनुकरणीय रही है। सहकारी क्षेत्र के बैंकों में पेशेवर प्रबंधन का अभाव रहा है एवं ये बैंक पूंजी बाजार से पूंजी जुटा पाने में भी सफल नहीं रहे हैं। अभी तक चूंकि सहकारी क्षेत्र के संस्थानों को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी तंत्र का अभाव था केंद्र सरकार द्वारा किए गए नए मंत्रालय के गठन के बाद सहकारी क्षेत्र के संस्थानों को नियंत्रित करने में कसावट आएगी एवं इन संस्थानों का प्रबंधन भी पेशेवर बन जाएगा जिसके चलते इन संस्थानों की कार्य प्रणाली में भी निश्चित ही सुधार होगा।

सहकारी क्षेत्र पर आधरित आर्थिक मोडेल के कई लाभ हैं तो कई प्रकार की चुनौतियां भी हैं। मुख्य चुनौतियां ग्रामीण इलाकों में कार्य कर रही जिला केंद्रीय सहकारी बैकों की शाखाओं के सामने हैं। इन बैंकों द्वारा ऋण प्रदान करने की स्कीम बहुत पुरानी हैं एवं समय के साथ इनमें परिवर्तन नहीं किया जा सका है। जबकि अब तो ग्रामीण क्षेत्रों में आय का स्वरूप ही बदल गया है। ग्रामीण इलाकों में अब केवल 35 प्रतिशत आय कृषि आधारित कार्य से होती है शेष 65 प्रतिशत आय गैर कृषि आधारित कार्यों से होती है। अतः ग्रामीण इलाकों में कार्य कर रहे इन बैकों को अब नए व्यवसाय माडल खड़े करने होंगे। अब केवल कृषि व्यवसाय आधारित ऋण प्रदान करने वाली योजनाओं से काम चलने वाला नहीं है।

भारत विश्व में सबसे अधिक दूध उत्पादन करने वाले देशों में शामिल हो गया है। अब हमें दूध के पावडर के आयात की जरूरत नहीं पड़ती है। परंतु दूध के उत्पादन के मामले में भारत के कुछ भाग ही, जैसे पश्चिमी भाग, सक्रिय भूमिका अदा कर रहे हैं। देश के उत्तरी भाग, मध्य भाग, उत्तर-पूर्व भाग में दुग्ध उत्पादन का कार्य संतोषजनक रूप से नहीं हो पा रहा है। जबकि ग्रामीण इलाकों में तो बहुत बड़ी जनसंख्या को डेयरी उद्योग से ही सबसे अधिक आय हो रही है। अतः देश के सभी भागों में डेयरी उद्योग को बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता है। केवल दुग्ध सहकारी समितियां स्थापित करने से इस क्षेत्र की समस्याओं का हल नहीं होगा। डेयरी उद्योग को अब पेशेवर बनाने का समय आ गया है। गाय एवं भैंस को चिकित्सा सुविधाएं एवं उनके लिए चारे की व्यवस्था करना, आदि समस्याओं का हल भी खोजा जाना चाहिए। साथ ही, ग्रामीण इलाकों में किसानों की आय को दुगुना करने के लिए सहकारी क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना करनी होगी। इससे खाद्य सामग्री की बर्बादी को भी बचाया जा सकेगा। एक अनुमान के अनुसार देश में प्रति वर्ष लगभग 25 से 30 प्रतिशत फल एवं सब्जियों का उत्पादन उचित रख रखाव के अभाव में बर्बाद हो जाता है।

शहरी क्षेत्रों में गृह निर्माण सहकारी समितियों का गठन किया जाना भी अब समय की मांग बन गया है क्योंकि शहरी क्षेत्रों में मकानों के अभाव में बहुत बड़ी जनसंख्या झुग्गी झोपड़ियों में रहने को विवश है। अतः इन गृह निर्माण सहकारी समितियों द्वारा मकानों को बनाने के काम को गति दी जा सकती है। देश में आवश्यक वस्तुओं को उचित दामों पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कंज़ूमर सहकारी समितियों का भी अभाव है। पहिले इस तरह के संस्थानों द्वारा देश में अच्छा कार्य किया गया है। इससे मुद्रा स्फीति की समस्या को भी हल किया जा सकता है।देश में व्यापार एवं निर्माण कार्यों को आसान बनाने के उद्देश्य से ईज आफ डूइंग बिजिनेस के क्षेत्र में जो कार्य किया जा रहा है उसे सहकारी संस्थानों पर भी लागू किया जाना चाहिए ताकि इस क्षेत्र में भी काम करना आसान हो सके। सहकारी संस्थानों को पूंजी की कमी नहीं हो इस हेतु भी प्रयास किए जाने चाहिए। केवल ऋण के ऊपर अत्यधिक निर्भरता भी ठीक नहीं है। सहकारी क्षेत्र के संस्थान भी पूंजी बाजार से पूंजी जुटा सकें ऐसी व्यवस्था की जा सकती हैं।

विभिन्न राज्यों के सहकारी क्षेत्र में लागू किए गए कानून बहुत पुराने हैं। अब, आज के समय के अनुसार इन कानूनो में परिवर्तन करने का समय आ गया है। सहकारी क्षेत्र में पेशेवर लोगों की भी कमी है, पेशेवर लोग इस क्षेत्र में टिकते ही नहीं हैं। डेयरी क्षेत्र इसका एक जीता जागता प्रमाण है। केंद्र सरकार द्वारा सहकारी क्षेत्र में नए मंत्रालय का गठन के बाद यह आशा की जानी चाहिए के सहकारी क्षेत्र में भी पेशेवर लोग आकर्षित होने लगेंगे और इस क्षेत्र को सफल बनाने में अपना भरपूर योगदान दे सकेंगे। साथ ही, किन्हीं समस्याओं एवं कारणों के चलते जो सहकारी समितियां निष्क्रिय होकर बंद होने के कगार पर पहुंच गई हैं, उन्हें अब पुनः चालू हालत में लाया जा सकेगा। अमूल की तर्ज पर अन्य क्षेत्रों में भी सहकारी समितियों द्वारा सफलता की कहानियां लिखी जाएंगी ऐसी आशा की जा रही है। सहकारिता से विकास का मंत्र पूरे भारत में सफलता पूर्वक लागू होने से गरीब किसान और लघु व्यवसायी बड़ी संख्या में सशक्त हो जाएंगे।

# जीत और गठबंधन की मृगमरीचिका में आखिर कबतक भटकेगी कांग्रेस

//कमलेश पांडे //

**कांग्रेस एक पुरानी राजनीतिक पार्टी है, जिसका देशव्यापी जनाधार है। लेकिन वह जीत और गठबंधन की मृगमरीचिका में आखिर कबतक भटकेगी, यह एक यक्ष प्रश्न है। आखिर कमजोर सियासी बैशाखियों के सहारे उसकी जीत कितना मुकम्मल कहलाएगी और स्थायी बन पाएगी, यह उससे भी ज्यादा विचारणीय पहलू है! वैसे भी जब कांग्रेस विभिन्न महत्वपूर्ण राज्यों में क्षेत्रीय दलों की वैशाखी ढूंढ़ती है या फिर मुद्दों के बियाबान में भटकती और फिर स्टैंड बदलती नजर आती है तो मुझे इसके रणनीतिकारों पर तरस आती है।**

ऐसा इसलिए कि मैंने भू-जमींदारी देखी है, जहां पर लोग अपनी जमीनें ठेके या बंटाईदारी पर देकर अनाज और पैसे दोनों लेते हैं। ठीक उसी तरह से आज कांग्रेस के रसूखदार और धन्नासेठ नेता पार्टी संगठन में पद और चुनावी टिकट देने के वास्ते वोट और पैसा दोनों लेते/लिवाते हैं, यह जानते हुए भी कि सामने वाला न तो उनका जनाधार बढ़ा पाएगा और न ही चुनाव जीत/जीतवा पाएगा। ऐसा वो सिर्फ इसलिए करते हैं कि सामने वाला अमीर है, वफादार है, पिछलग्गू भर है या फिर निहित समीकरण वश किसी ने उसकी सिफारिश की है। बेशक कुछ अपवाद भी हो सकते हैं, लेकिन वही जिनके नेहरू-गांधी परिवार से ठीकठाक सम्बन्ध हैं।

अब बात पते की करते हैं। जैसे एक शातिर बंटाईदार अपने भूस्वामी की भूमि पर भी कब्जा कर लेता है और इसमें जब वह असफल होता है तो जमीन मालिक से कम कीमत में उसकी रजिस्ट्री करवाना चाहता है। अनुभवहीन भूस्वामियों को ऐसा करते हुए भी देखा सुना है। ठीक इसी प्रकार लालू प्रसाद और स्व. मुलायम सिंह यादव जैसे नवसियासी बटाईदारों ने कांग्रेस के साथ किया और आज क्षेत्रीय सियासी जमींदार बन बैठे हैं। ऐसा इसलिए सम्भव हो सका, क्योंकि निहित स्वार्थवश पीवी नरसिम्हाराव यही चाहते थे! उनके तिकड़म को सोनिया गांधी नहीं समझ सकीं!वहीं, आज जब राहुल-प्रियंका गांधी की कांग्रेस की रीति नीति देखता हूँ तो इनकी राजनीतिक जमींदारी के हश्र को महसूस भी करता हूँ। कांग्रेस माने या न माने, लेकिन समाजवादी, वामपंथी और राष्ट्वादी सियासी जमींदारों ने उसकी राजनीतिक जमींदारी को क्षत-विक्षत करने में अहम भूमिका निभाई है और हैरत की बात यह है कि वह समझ नहीं पाई और नादान बनी रही। जबकि इसके खिलाफ ठोस और जमीनी रणनीति बनानी चाहिए। जैसे कि उसके बाद जन्मी भाजपा ने किया है। माना कि सत्ता प्राप्ति के लोभ में क्षेत्रीय दलों से गठबंधन यानी यूपीए/महागठबंधन की सोच तो सही है, लेकिन इनके इशारे पर कांग्रेस संगठन को हांकना कतई सही नहीं है। कांग्रेस इससे इंकार कर सकती है, लेकिन वह आज इसी की पूरी सियासी कीमत अदा कर रही है। आज वह सत्ता में नहीं है, फिर भी उन्हीं लोगों से सहारा ढूंढ रही है, जो उसकी सियासी पतन के लिए कसूरवार हैं। चूंकि मैंने एआईसीसी/बीजेपी/तीसरे मोर्चे को कवर किया है, इसलिए दावे के साथ कह सकता हूँ कि कांग्रेस के अंग्रेजी भाषी दलाल नेताओं ने उसके जमीनी नेताओं को भाजपा या क्षेत्रीय दलों में जाने के लिए अभिशप्त कर दिया। चूंकि कांग्रेस के जमीनी नेताओं के पास रणनीति और जनाधार दोनों है, इसलिए वो अपने व्यक्तिवादी मिशन में सफल रहे, लेकिन कांग्रेस दिन ब दिन डूबती चली गई। राजनीतिक परिस्थिति वश कभी दो डग आगे तो चार कदम पीछे चलने को अभिशप्त हो गई। इस बात में कोई दो राय नहीं कि किसी भी स्थापित दल को चलाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय लायजनरों की जरूरत पड़ती है, लेकिन इनके निहित स्वार्थों के ऊपर यदि ब्लॉक, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर जनाधार रखने वाले नेताओं की उपेक्षा की जाएगी तो फिर वोट कहाँ से आएगा, यह सोचने की फुर्सत सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के पास नहीं होगी। अतीत पर नजर डालें तो एक जमाना था जब गांव-गांव में कांग्रेस के मजबूत शुभचिंतक थे, लेकिन पार्टी की अव्यवहारिक रीति-नीति के चलते वह इससे दूर होते चले गए। दो टूक कहें तो भाजपा में या क्षेत्रीय दलों में शिफ्ट हो गए। ऐसे में आज कांग्रेस के पास सिर्फ उन धनपशुओं की टोली बची है, जिनको दूसरी राजनीतिक पार्टियां कभी तवज्जो नहीं देतीं। इनका काम कांग्रेस की सत्ता और संगठन के बड़े नेताओं के शाही खर्चों का इंतजाम करना भर है और इसलिए इनके समर्थक ब्लॉक, जिला, राज्य व राष्ट्रीय संगठनों पर हावी हैं। चूंकि इनका कोई जनाधार नहीं है और ये जनाधार वाले कार्यकर्ताओं को तवज्जो नहीं देते, इसलिए कांग्रेस खत्म होती चली गई। वहीं, जब से क्षेत्रीय कांग्रेस के नेता अस्तित्व रक्षा के लिए बिहार में राजद प्रमुख लालू प्रसाद व तेजस्वी यादव तथा उत्तरप्रदेश में सपा प्रमुख स्व. मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव जैसे मजबूत नेताओं के इशारे पर काम करने लगे, तब से पार्टी संगठन की स्थिति और अधिक दयनीय हो गई।

आलम यह है कि कांग्रेस जैसी राजनीतिक पार्टी, जिसे देश की आजादी का श्रेय प्राप्त है, जब जनजीवन व राष्ट्रीय हितों से इतर प्रमुख जातीय, सांप्रदायिक और क्षेत्रीय समीकरणों पर खेलने लगी, तो उसकी जोड़-तोड़ से सत्ता तो बदलती रही, परंतु जनाधार छीजता चला गया। क्योंकि उसके प्रति निष्ठावान रहे प्रतिभाशाली पेशेवर, कारोबारी, प्रशासक और समाजसेवी आदि उससे दूर होते चले गए। चूंकि पहले क्षेत्रीय दलों और उसके बाद भाजपा ने उन्हें तवज्जो दी, इसलिए वो सब इनके साथ जुड़ गए, जिससे इन्हें अप्रत्याशित मजबूती मिली और कांग्रेस को कमजोरी मुबारक हुई। अब जब कांग्रेस की ट्रू कॉपी भाजपा बनती जा रही है तो भी कांग्रेस के थिंक टैंक को असली मुद्दे समझ में नहीं आ रहे हैं। शायद उसकी इसी मनोवृत्ति पर चोट करते हुए पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि कांग्रेस को पुराने ढर्रे की राजनीति बंद करनी होगी और नए ढर्रे बनाने होंगे। अन्यथा सियासी सफलता मुश्किल है।

## तस्वीरों की दुनिया




प्रसिद्ध यूपीएससी प्रशिक्षक अवध ओझा नई दिल्ली में आप मुख्यालय में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की उपस्थिति में आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हुए।



नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने नई दिल्ली के कोटा हाउस में वार्षिक नौसेना दिवस प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।



नोएडा में किसानों के राष्ट्रीय राजधानी की ओर विरोध मार्च के मद्देनजर सुरक्षा बढ़ाए जाने के बाद चिल्ला बॉर्डर पर एक पुलिसकर्मी बैरिकेड्स लगाता हुआ।




नोएडा में राष्ट्रीय राजधानी की ओर किसानों के विरोध मार्च के चलते चिल्ला बॉर्डर के पास ट्रैफिक जाम में फंसे वाहन।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।



कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से उनके कार्यालय में मुलाकात की।



उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने उंडावल्ली में मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री नारा चंद्रबाबू नायडू से मुलाकात की।

# सुप्रीम कोर्ट ने जगजीत सिंह डल्लेवाल से कहा- किसानों को समझाएं, किसी को असुविधा न हो... प्रदर्शन पर भी की टिप्पणी

**नईदिल्ली, 03 दिसम्बर [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पंजाब के किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से कहा कि वह प्रदर्शनकारी किसानों को राजमार्ग (हाईवे) बाधित नहीं करने और लोगों की सुविधा का ध्यान रखने के लिए समझाएं। डल्लेवाल किसानों की मांगों को लेकर दबाव बनाने के लिए खनौरी सीमा पर आमरण अनशन पर हैं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जवल भुइयां की पीठ ने इसके साथ ही डल्लेवाल की ओर से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका का निपटारा कर दिया जिन्हें 26 नवंबर को पंजाब-हरियाणा सीमा पर खनौरी विरोध स्थल से हटा दिया गया था। पीठ ने कहा, हमने देखा है कि उन्हें रिहा कर दिया गया है और उन्होंने शनिवार को एक साथी प्रदर्शनकारी को आमरण अनशन समाप्त करने के लिए राजी भी किया। पीठ ने यह भी कहा कि किसानों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर अदालत ने गौर किया है और लंबित मामले में इस पर विचार किया जा रहा है। पीठ ने डल्लेवाल की ओर से पेश वकील गुनिन्दर कौर गिल से कहा, लोकतांत्रिक व्यवस्था में



आप शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर सकते हैं, लेकिन ध्यान रखें कि लोगों को असुविधा न होने पाए। आप सभी जानते हैं कि खनौरी सीमा पंजाब के लिए जीवन रेखा है। हम इस पर टिप्पणी नहीं कर रहे हैं कि विरोध सही है या गलत। जस्टिस कांत ने कहा कि डल्लेवाल को प्रदर्शनकारियों को कानून के तहत शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने के लिए राजी करना चाहिए। पीठ ने कहा कि वह इस समय डल्लेवाल की याचिका पर विचार नहीं कर रही है, लेकिन बाद में वह (डल्लेवाल) इस मामले में संपर्क कर सकते हैं। डल्लेवाल को 26 नवंबर को आमरण अनशन शुरू करने से कुछ घंटे पहले कथित तौर पर खनौरी बार्डर से जबरन हटाकर लुधियाना के एक अस्पताल ले जाया गया था। 27 नवंबर की शाम को उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी। पंजाब पुलिस द्वारा उनकी कथित अवैध हिरासत को चुनौती देते हुए 29 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। रिहा होने के एक दिन बाद 30 नवंबर को डल्लेवाल किसानों की मांगों को लेकर दबाव बनाने के लिए खनौरी सीमा पर आमरण अनशन में शामिल हो गए। सुरक्षा बलों द्वारा किसानों का दिल्ली कूच रोक दिए जाने के बाद किसान 13 फरवरी से पंजाब एवं हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी सीमा पर डेरा डाले हुए हैं। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र पर उनकी मांगों को पूरा करने के लिए कदम नहीं उठाने का आरोप लगाया है।

## 'आप' नेता राघव चड्ढा ने दिल्ली में आपराधित गतिविधियों को लेकर राज्यसभा में दिया स्थगन नोटिस

**नई दिल्ली 03 दिसम्बर।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों पर राज्यसभा में स्थगन नोटिस देकर चर्चा की मांग की है। उनका कहना है कि मौजूदा समय में दिल्ली में आपराधिक गतिविधियां अपने चरम पर पहुंच चुकी है। अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और दिल्ली के आम लोगों का जीना दूभर हो चुका है। दिल्ली में कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी केंद्र सरकार के हाथों में है। ऐसी स्थिति में इस विषय पर चर्चा की मांग करके वो केंद्र सरकार को घेरने की कोशिश कर रहे हैं। उधर, केंद्र सरकार लगातार यह दावा करती है कि दिल्ली में कानून-व्यवस्था बिल्कुल ठीक है, लेकिन इसके विपरीत आम आदमी पार्टी इन दावों को खोखला बताती है। ऐसे में आप नेता राघव चड्ढा ने स्थगन नोटिस देकर दिल्ली की कानून-व्यवस्था पर चर्चा की मांग की है।

## आतंकियों से निपटने के लिए भारत-मलेशिया का सैन्य अभ्यास हरिमाऊ शक्ति

**नईदिल्ली, 03 दिसम्बर [एजेंसी]।**

भारत और मलेशिया की सेनाओं के बीच होने वाला संयुक्त सैन्य अभ्यास हरिमाऊ शक्ति सोमवार को प्रारंभ हो गया। यह युद्धाभ्यास मलेशिया में आयोजित किया जा रहा है।

संयुक्त अभ्यास के अंतर्गत दोनों देशों की सेनाएं जंगल में आतंकवाद विरोधी अभियान का अभ्यास करेगी। एक खास अभ्यास के तहत आतंकवादियों द्वारा कब्जा किए गए क्षेत्र को मुक्त करने के लिए सैन्य हमला किया जाएगा। इससे भारत और मलेशिया दोनों देशों की सैन्य कार्य क्षमता का विकास होगा। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक मलेशिया में होने वाला यह अभ्यास जंगल के वातावरण से संबंधित अभियानों पर केंद्रित है। हरिमाऊ शक्ति सैन्य अभ्यास का यह चौथा संस्करण है जो सोमवार को मलेशिया के पहांग जिले के बेंटोंग कैंप में शुरू हुआ। यह अभ्यास 15 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। 78 कर्मियों वाली भारतीय टुकड़ी का प्रतिनिधित्व महार रेजिमेंट की एक बटालियन कर रही है। वहीं, मलेशियाई टुकड़ी का प्रतिनिधित्व रॉयल मलेशियाई रेजिमेंट के 123 कर्मियों द्वारा किया जा रहा है।

संयुक्त अभ्यास हरिमाऊ शक्ति एक वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जो भारत और मलेशिया में बारी-बारी से आयोजित किया जाता है। पिछला संस्करण नवंबर 2023 में भारत के मेघालय में उमरोई छावनी में आयोजित किया गया था। संयुक्त अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र अधिदेश के अध्याय 7 के तहत जंगल क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियान चलाने के लिए दोनों पक्षों की संयुक्त सैन्य क्षमता को बढ़ाना है। यह अभ्यास जंगल के वातावरण में अभियानों पर केंद्रित होगा। संयुक्त सैन्य अभ्यास के विषय में जानकारी देते हुए रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस अभ्यास को दो चरणों में आयोजित किया जाएगा।

# जमानत मिली और अगले ही दिन मंत्री बन गए सेंथिल बालाजी केस में सुप्रीम कोर्ट की फटकार

**नईदिल्ली, 03 दिसम्बर [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने आज मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सेंथिल बालाजी का जमानत आदेश वापस लेने की याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने इस मामले पर हैरानी जताई है कि बेल मिलने के तुरंत बाद तमिलनाडु सरकार में वी. सेंथिल बालाजी को मंत्री पद मिल गया। कोर्ट ने चिंता व्यक्त की है कि कहीं गवाह किसी दबाव में ने आ जाएं।

बता दें कि सेंथिल बालाजी को 26 सितंबर को मनी लॉन्ड्रिंग केस में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद जेल से रिहा कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट आज 26 सितंबर के फैसले को वापस लेने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई कर रहा था।याचिका में कोर्ट से वह फैसला वापस लेने की मांग की गई थी, जिसमें सेंथिल बालाजी को इस आधार पर जमानत दी गई कि अगर वह मंत्री बनाए गए तो गवाह दबाव में आ सकते हैं।



इस मामले पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा, हम जमानत देते हैं और अगले दिन आप जाते हैं और मंत्री बन जाते हैं, कोई भी इस धारणा के तहत बंध जाएगा कि अब वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री के रूप में आपकी स्थिति के कारण गवाह दबाव में होंगे। यह क्या हो रहा है। जस्टिस अभय ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच यचिका पर सुनवाई कर रही थी। सुप्रीम कोर्ट ने आज फैसला लेने से इनकार कर दिया और मामले को 13 दिसंबर तक के लिए लिस्ट कर दिया। कोर्ट ने कहा कि वह फैसला वापस नहीं लेगा क्योंकि जिस कानून के तहत सेंथिल बालाजी को बेल दी गई, उसका और लोगों को भी फायदा मिला है।

सेंथिल बालाजी चार बार के विधायक हैं, जिन्होंने अपना राजनीतिक करियर डीएमके के साथ शुरू किया। फिर डीएमके में लौटने से पहले एआईएडीएमके में चले गए। उन्हें 2011 से 2015 तक जे जयललिता सरकार में तमिलनाडु परिवहन मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान भ्रष्टाचार के आरोपों के सिलसिले में पिछले साल जून में गिरफ्तार किया गया था। प्रवर्तन निदेशालय की तरफ से गिरफ्तार किए जाने के आठ महीने बाद, उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। सितंबर में जमानत पर रिहा होने के कुछ दिनों बाद, एमके स्टालिन सरकार ने उन्हें मंत्री पद पर बहाल कर दिया।

## कानूनी सहायता मौलिक अधिकार, सुप्रीम कोर्ट ने अभियुक्त की सुविधा के लिए जारी किए दिशा-निर्देश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक अहम फैसले में कहा कि आपराधिक मुकदमे में स्वयं को बचाना और कानूनी सहायता प्राप्त करना अभियुक्त का मौलिक अधिकार है। यह अधिकार उसे संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) के तहत मिला है।अगर अभियुक्त को प्रभावी कानूनी सहायता नहीं मुहैया कराई जाती है, तो उसे अनुच्छेद 21 में मिले मौलिक अधिकार का उल्लंघन होता है। सिर्फ नाम के लिए कानूनी सहायता प्रदान करने का कोई मतलब नहीं है। कानूनी सहायता प्रभावी होनी चाहिए। कोर्ट ने यह बात दुष्कर्म और हत्या के एक दोषी को पर्याप्त साक्ष्यों के अभाव में बरी करते हुए कही है। साथ ही अभियुक्त को मुफ्त कानूनी सहायता दिए जाने और आपराधिक मुकदमे में लोक अभियोजक (सरकारी वकील) की भूमिका के बारे में दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

# केरल में भी फेंगल तूफान का कहर! 5 जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट, स्कूलों को बंद रखने का आदेश



**तिरूवनन्तपुरम, 03 दिसम्बर [एजेंसी]।**

भारतीय मौसम विभाग ने सोमवार को चक्रवात फेंगल के कारण केरल में भारी बारिश की चेतावनी जारी की। यह तूफान वर्तमान में उत्तरी तमिलनाडु के ऊपर एक मजबूत निम्न दबाव वाले क्षेत्र के रूप में स्थित है। दरअसल, मौसम विभाग ने कहा कि अरब सागर की ओर बढ़ने और 3 दिसंबर तक उत्तरी केरल और कर्नाटक से गुजरने के साथ ही इस प्रणाली के और तेज होने की उम्मीद है। भारतीय मौसम विभाग का कहना है कि केरल में सोमवार को अधिकांश क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। जबकि अलग-अलग क्षेत्रों में बहुत भारी वर्षा और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। वहीं, मंगलवार को राज्य के उत्तरी और मध्य भागों में भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने अंदेशा जताया है कि अगले पांच दिनों तक कभी-कभी गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश जारी रह सकती है। जानकारी के अनुसार केरल के 5 उत्तरी जिलों (कासरगोड, कन्नूर, वायनाड, कोझीकोड और मलप्पुरम) के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया था। वहीं, कई जिलों में मंगलवार को भी हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

उधर राज्य के राजस्व मंत्री के राजन ने निवासियों से सतर्क रहने का आग्रह किया है क्योंकि उत्तरी केरल में बारिश तेज होने की संभावना है।भारत मौसम विज्ञान विभाग (ढ्ढरूष्ठ) के अनुसार किसी भी स्थान के लिए रेड अलर्ट का मतलब होता है कि 24 घंटे में 20 सेमी से अधिक की अत्यधिक भारी बारिश होने की संभावना है। इसी के साथ ऑरेंज अलर्ट 11 सेमी से 20 सेमी के बीच बहुत भारी बारिश को दर्शाता है और येलो अलर्ट 6 सेमी से 11 सेमी तक भारी बारिश की चेतावनी देता है।

गौरतलब है कि कासरगोड में जिला प्रशासन ने मंगलवार को व्यावसायिक कॉलेजों, ट्यूशन सेंटरों, आंगनवाड़ियों और मदरसों सहित सभी शैक्षणिक संस्थानों के लिए अवकाश घोषित किया है। हालांकि, प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मॉडल आवासीय विद्यालय खुले रहेंगे। इससे पहले सोमवार को पथानामथिट्टा, इडुक्की, कोट्टायम और वायनाड जिलों में व्यावसायिक कॉलेजों और आंगनवाड़ियों सहित शैक्षणिक संस्थानों के लिए इसी तरह की छुट्टियां घोषित की गई थीं।

# पीएम मोदी ने देखी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट, निर्माताओं को दी बधाई, संसद भवन में हुई स्पेशल स्क्रीनिंग



**नईदिल्ली, 03 दिसम्बर [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को शाम 4 बजे नई दिल्ली में संसद परिसर की लाइब्रेरी में हिंदी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट देखी। पीएम मोदी ने कहा कि द साबरमती रिपोर्ट की स्क्रीनिंग में एनडीए के साथी सांसदों के साथ शामिल हुआ। मैं फिल्म के निर्माताओं के प्रयासों की सराहना करता हूं।अभिनेता विक्रांत मैसी, रिद्धि डोगरा और राशि खन्ना अभिनीत यह फिल्म 27 फरवरी, 2002 को हुई गोधरा ट्रेन जलाने की घटना पर आधारित है। इस घटना में 59 लोगों की मौत हो गई थी, जिसके बाद गुजरात में सांप्रदायिक दंगे भड़क गए थे, जिसमें 1,000 से अधिक लोगों की जान चली गई थी, जिनमें अधिकतर मुसलमान थे, उस वक्त पीएम मोदी गुजरात राज्य के मुख्यमंत्री थे। द साबरमती रिपोर्ट सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म को दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। इस फिल्म में विक्रांत मेसी ने एक पत्रकार की भूमिका निभाई है। पीएम मोदी अपने दोस्तों के साथ इस फिल्म को देखेंगे।

पिछले महीने फिल्म की रिलीज के बाद पीएम मोदी ने फिल्म की तारीफ भी की थी। प्रधान मंत्री मोदी ने कहा था कि एक नकली कहानी तथ्य सामने आने से पहले सीमित समय तक ही जारी रह सकती है।

पीएम मोदी ने फिल्म के रिलीज होने के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फिल्म की तारीफ करते हुए अपने पोस्ट में कहा था, बिल्कुल सही। यह अच्छी बात है कि अब सच सामने आ रहा है और वह भी ऐसे कि आम लोग भी इसे देख सकें, एक फेक नैरेटिव महज कुछ समय के लिए ही रहती है,. अंत में, फैक्ट्स सामने आ ही जाते हैं । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी कहा था कि सच्चाई को हमेशा के लिए अंधेरे में छिपाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि फिल्म अद्वितीय साहस के साथ पारिस्थितिकी तंत्र को चुनौती देती है और उस भयावह घटना के पीछे की सच्चाई को उजागर करती है।

## ओवरलोड डंपर की चपेट में आने से गई 3 मासूमों की जान, सड़क किनारे खड़े थे तीनों

**बराड़ा 3 दिसम्बर।** प्रदेश में आए दिन तेज रफ्तार का कहर देखने को मिलता है। ताजा मामला बराड़ा से सामने आया है जहां ओवरलोड डंपर ने सड़क किनारे खड़े तीन मासमों को अपनी चपेट में ले लिया जिससे तीनों की मौके पर मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों के शवों को मुलाना स्थित एमएम मेडिकल कॉलेज के मार्चरी में रखवा दिया है।

# नौसेना को मिलेंगे राफेल-एम जेट और स्कार्पीन पनडुब्बी, इंडियन नेवी के लिए बन रहा ये मास्टर प्लान



**नईदिल्ली, 03 दिसम्बर [एजेंसी]।**

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने सोमवार को कहा कि भारत अगले महीने 26 राफेल लड़ाकू विमानों के नौसैनिक संस्करण और तीन अतिरिक्त स्कार्पीन पनडुब्बी की खरीद के लिए अलग-अलग अनुबंधों पर हस्ताक्षर कर सकता है। उन्होंने कहा कि चीन और पाकिस्तान की नौसेनाओं की गतिविधियों पर करीबी नजर रखी जा रही है।

नौसेना दिवस से पहले मीडिया से बातचीत में एडमिरल त्रिपाठी ने यह भी कहा कि सरकार ने दो एसएसएन (परमाणु ऊर्जा चालित पनडुब्बियों) के लिए मंजूरी दे दी है और ऐसी छह पनडुब्बी और बनाने की योजना है। पहला एसएसएन 2036-37 तक और दूसरा 2038-39 तक तैयार हो जाएगा।नौसेना दिवस चार दिसंबर को मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि राफेल मरीन पर बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है और यह सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडल समिति के पास ले जाए जाने से बस एक चरण पीछे है। चूंकि यह दोनों देशों की सरकारों के बीच का समझौता है, इसलिए इसमें ज्यादा समय नहीं लगेगा। पिछले साल जुलाई में रक्षा मंत्रालय ने फ्रांस से राफेल-एम जेट विमानों की खरीद को मंजूरी दी थी, जिन्हें मुख्य रूप से स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर तैनात किया जाएगा।

एडमिरल त्रिपाठी ने कहा, हमें उम्मीद है कि इस महीने नहीं तो अगले महीने समझौतों पर हस्ताक्षर हो जाना चाहिए। हम पीएलए (चीनी) नौसेना, उनके युद्धपोतों और उनके अनुसंधान जहाजों सहित क्षेत्र से बाहर की ताकतों पर नजर रख रहे हैं और जानते हैं कि वे क्या कर रहे हैं और कहां हैं।

## दावत में जा रहे पूर्व प्रधान और उनकी पत्नी की सड़क हादसे में मौत, नातिन गंभीर रूप से घायल

प्रयागराज। औद्योगिक थाना क्षेत्र के छरिबना पुरवा खास गांव में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार पूर्व प्रधान और उनकी पत्नी की मौत हो गई। हादसे में नातिन गंभीर रूप से घायल हो गई। उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुरवा खास के पूर्व प्रधान रईस अहमद (65) अपनी पत्नी अंजुमन (60) और नातिन इल्मा के साथ बाइक पर सवार होकर इलाके के सड़वा गांव में आयोजित दावत में हिस्सा लेने के लिए जा रहे थे। सोमवार को दोपहर करीब ढाई बजे गांव के पास ही रामपुर मार्ग पर छरिबना मजरे में तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में पूर्व प्रधान और उनकी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। नातिन दूर जा गिरी। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल लड़की को अस्पताल भेजवाया। पूर्व प्रधान और उनकी पत्नी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## 2026 के आखिरी तक लॉन्च हो सकता गगनयान मिशन पहले भेजा जाएगा रोबोट, बाद में अंतरिक्ष यात्री होंगे रवाना



**नई दिल्ली।** भारत 2026 के अंत तक अपना गगनयान मिशन लॉन्च करेगा। सोमवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने यह बात आईआईटी गुवाहटी में कही। उन्होंने कहा कि मिशन की पहली मानवरहित उड़ान अगले साल की शुरुआत में होने की उम्मीद है। इसके सफल होने पर 2016 के अंत तक मानव मिशन को लॉन्च किया जाएगा। आईआईटी गुवाहाटी में आयोजित भारत अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव 2024 में 20,000 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। स्टूडेंट साइंस इंटरएक्टिव प्रोग्राम में इसरो के अध्यक्ष डॉ. एस सोमनाथ ने 4,500 छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने छात्रों से विज्ञान और तकनीकि के क्षेत्र में करियर बनाने की अपील की। इसरो अध्यक्ष सोमनाथ ने कहा कि हम पिछले 4 वर्षों से गगनयान मिशन में जुटे हैं। रॉकेट पूरी तरह से तैयार हो चुके हैं। पहली मानवरहित उड़ान अगले साल की शुरुआत में लॉन्च होगी। उन्होंने कहा कि पहले इसे हम दिसंबर में लॉन्च करना चाहते हैं। मगर तकनीकी वजह से इसे थोड़ा आगे बढ़ा दिया गया है।

# अब दुश्मन देशों की खैर नहीं! भारत ने किया के-4 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण

**नईदिल्ली, 03 दिसम्बर [एजेंसी]।**

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने आज पुष्टि करते हुए बताया कि भारत ने पनडुब्बी से 3,500 किलोमीटर की दूरी तक मार करने वाली परमाणु क्षमता वाली मिसाइल का परीक्षण किया है। बता दें कि इस मिसाइल को हाल में ही नौसेना में शामिल किया गया था। नौसेना दिवस से पहले मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मिसाइल के प्रक्षेप पथ पर अधिक डेटा का इंतजार है। दरअसल, K-4 मिसाइल का परीक्षण कथित तौर पर 27 नवंबर को विशाखपटनम के तट पर पनडुब्बी आईएनएस अरिघात से किया गया था, जिसे 29 अगस्त को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था। बताया जा रहा है कि यह पनडुब्बी से लॉन्च की गई बैलिस्टिक मिसाइल (एसएलबीएम) का पहला परीक्षण था। जानकारी दें कि के-4 मिसाइल परीक्षण के साथ ही भारत उन देशों के छोटे समूह का हिस्सा बन गया है जो जमीन, हवा और समुद्र के अंदर से परमाणु मिसाइल दाग सकते हैं। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी समग्र सैन्य क्षमताओं में वृद्धि की है और अलग-अलग रेंज वाली मिसाइलों का




परीक्षण किया है।नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने इस संबंध में यह भी कहा कि दो (परमाणु ऊर्जा से चलने वाली हमलावर पनडुब्बियों) के लिए सरकार की मंजूरी ने इस बात का संकेत दिया है कि देश को ऐसी नौकाओं के निर्माण के लिए स्वदेशी क्षमताओं पर विश्वास है।बता दें कि दुश्मन के जहाजों और पनडुब्बियों को निशाना बनाने के लिए तेज हमलावर पनडुब्बियों का इस्तेमाल किया जाता है और वे जमीन और समुद्र के लक्ष्यों के खिलाफ़ क्रु मिसाइलों को लॉन्च कर सकती हैं। जानकारी के अनुसार ये मिसाइल INS अरिघाट जैसे SSBM से अलग हैं, जिनकी मुख्य भूमिका परमाणु-संचालित बैलिस्टिक मिसाइलों को लॉन्च करना है।

गौरतलब है कि एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि देश की नौसेना की ताकत बढ़ाने के प्रयासों के तहत वर्तमान में देश में 62 जहाज और एक पनडुब्बी का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि अगले एक साल में बड़ी संख्या में प्लेटफॉर्म शामिल होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं और कम से कम एक जहाज नौसेना में शामिल किया जाएगा। नौसेना प्रमुख ने कहा कि हमने बल में विशिष्ट तकनीकों को शामिल करने के प्रयासों को दोगुना कर दिया है। राफेल-एम (नौसेना संस्करण) और स्कॉर्पीन पनडुब्बियों की खरीद अगले महीने अंतिम रूप ले सकती है। पिछले साल रक्षा मंत्रालय ने फ्रांस से राफेल-एम जेट की खरीद को मंजूरी दी थी, मुख्य रूप से स्वदेशी रूप से निर्मित विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर तैनाती के लिए।

# अशफाक और उसके पिता ने शेयर ट्रेडिंग के बहाने करोड़ों की ठगी की

**सूरजपुर।** ट्रेडिंग व शेयर मार्केटिंग के जरिए कम समय में रकम दोगुना कर देने के नाम पर तीन मामलों में 74 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में गिरफ्तार शिवप्रसादनगर निवासी अशफाक उल्लाह और उसके हाजी पिता जरीफ उल्लाह के खिलाफ ठगी के शिकार ग्रामीणों ने कोतवाली पहुंचकर ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। तीन दिन में 65 पीड़ितों ने अशफाक उल्लाह व उसके सिंडिकेट पर करीब छह करोड़ रुपये की ठगी का आरोप लगाया हैं।

कोतवाली सूरजपुर पहुंचकर ठगी के शिकार मकसूद खान प्रतापपुर ने तीस लाख रुपये, रवि भूषण साहू सोनपुर ने 41 लाख रुपये, लाल मोहम्मद सोनपुर ने बीस लाख रुपये की ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। इसी क्रम में मोतीलाल सोनपुर, पीर मोहम्मद सोनपुर, सेराफुदीन सोनपुर, राजेंद्र साहू सोनपुर, मनोज साहू जूर, मोहम्मद तसलीम सोनपुर, देवेंद्र गुप्ता सोनपुर, मोहम्मद हारुन भवराही, सैराजुल हक सोनपुर, पीर मोहम्मद सोनपुर, विनोद कुमार सोनपुर, मंजू लता गुप्ता सोनपुर, ओमप्रकाश शिवप्रसाद नगर, मनेश्वर गुप्ता सोनपुर, राजकिशोर पटना, नरेंद्र सिंह सोनपुर, उमेश्वर गुप्ता सोनपुर, आरिफ खान पटना, विजय राजवाडे उमेशपुर, हेमंत अंबिकापुर एवं लक्ष्मण प्रसाद शिवप्रसाद नगर ने भी ठगी की शिकायत दर्ज कराई है।



शिकायत करने कोतवाली पहुंचे ग्राम भँवराही निवासी मोहम्मद यूसुफ ने बताया कि अशफाक उल्लाह समेत उसके पिता एवं सहयोगियों ने रकम डबल करने का झांसा देकर उसे 27 लाख रुपये की ठगी का शिकार बनाया है। ग्राम सोनपुर निवासी लाल मोहम्मद ने बताया कि अशफाक उल्ला एवं अन्य लोगों ने उसे 20 लाख रुपए की ठगी का शिकार बनाया है। पंडोपारा कोरिया निवासी तहरुन निशा ने 14 लाख रुपये की ठगी की शिकायत की है। वहीं दतिमा निवासी जहांगीर आलम ने दस लाख रुपये, ग्राम जूर निवासी आसिफ मोहम्मद ने पांच लाख रुपये, कल्याणपुर निवासी अकबर अली ने पांच लाख रुपये, सोनपुर निवासी सुरेश साहू ने छह लाख रुपये, भवराही निवासी रशीद मोहम्मद ने पांच लाख रुपये, सोनपुर निवासी नईमुद्दीन अंसारी ने पांच लाख रुपये विष्णुपुर निवासी मोहम्मद यूनुस ने तीन लाख रुपये, सोनपुर निवासी रहमान ताज ने सात लाख रुपये एवं बिशनपुर निवासी जमीलउद्दीन ने तीन लाख रुपये की ठगी की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। समाचार लिखे जाने तक अशफाक उल्लाह एवं उसके सिंडिकेट द्वारा ठगी के शिकार ग्रामीणों का कोतवाली पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। इधर पुलिस रिमांड में लिए गए ठगी के मास्टर माइंड अशफाक उल्लाह से ठगी की रकम और उसके सहयोगियों के बारे में सघन पूछताछ कर रही है। वहीं उसके बताए अनुसार ठगी की रकम से खरीदे गए बेशकीमती वाहनों व सामानों की बरामदगी भी शुरू कर दी है। पुलिस ने ठगी की रकम से खरीदे गए करीब दस लागत के जिम के सामानों को बरामद कर लिया है। वही फार्च्यूनर, बीएमडब्लू व थार जैसे वाहनों व बुलेट की बरामदगी की कार्रवाई जारी है। इस आशय की पुष्टि कोतवाली टीआई विमलेश दुबे ने की है।

## कटगोढ़ी और भैंसवार पीएचसी में डॉक्टर के नहीं रहने से मरीज परेशान

### सरकार इस दिशा में ध्यान दें, जयचंद ने पहल की



**कोरिया।** कोरिया जिले के अधिवक्ता जयचंद सोंनपाकर ने सोनहत विकासखंड के ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य कटगोड़ी और भइसवार क्षेत्र में एम बी बी एस डॉक्टरों की सेवा का लाभ नही मिलने का आरोप लगाया है, अधिवक्ता ने कहा आये दिन डॉक्टर अस्पताल से नदारत रहते हैं, जिससे कटगोड़ी भइसवार क्षेत्र के लोगो को परेशानी होती है साथ ही आपातकालीन स्थिति में और परेशानी होती है, अधिवक्ता ने वही रामगढ़ जो कि प्राथमिक से सामुदायिक स्वस्थ्यकेन्द्र हो गया जो 20 गांव के बीच इकलौता अस्पताल है इसकी स्थिति और भी दयनीय है, यहां तो एम बी बी एस डॉक्टर अक्सर नदारत ही रहते हैं जिससे ग्रामीणों में नाराजगी का आलम निर्मित हो रहा है, उल्लेखनिय है कि जयचंद एक सामाजिक कार्यकर्ता के साथ अधिवक्ता भी हैं जो लगातार सामाजिक एवं जन हित से जुड़े मुद्दों पर अपनी आवाज उठाते रहे हैं, जय चंद ने कहा कि सरकार को स्वस्थता सेवाओ को दुरुस्त करना होगा यदि ग्रामीण अंचल में डॉक्टरों की पदस्थापना हुई तो उनकी सेवा भी जन मानस को मिलनी चाहिए, और डॉक्टरों को भी अपनी जवाबदेही समझनी होगी, उन्होंने कहा कि वो कलेक्टर कोरिया सहित सी एम एच ओ एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी को पत्र भेज व्यवस्था ठीक कराने मांग करेंगे

## अग्निवीर थलसेना: 7 दिसंबर को रायगढ़ में शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित

### जिले के 41 युवाओं का हुआ है चयन

**कोरिया।** भारतीय सेना में शामिल होने का सपना देखने वाले युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर आ रहा है। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा 4 दिसंबर से 12 दिसंबर 2024 तक रायगढ़ स्टेडियम (रायगढ़) में अग्निवीर थलसेना भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। अप्रैल 2024 में आयोजित ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सी.ई.ई) में सफल युवाओं को शारीरिक दक्षता परीक्षा (पी.एफ.टी) और अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में भाग लेने का मौका मिलेगा। यह रैली युवाओं को सेना में शामिल होने और देश की सेवा करने का अवसर प्रदान करेगी। कोरिया जिले के सी.ई.ई उत्तीर्ण अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु 7 दिसंबर 2024 को भाग ले सकते हैं। सभी प्रक्रिया रायगढ़ स्टेडियम में आयोजित होगी। रैली में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों को अपने सभी आवश्यक दस्तावेज, पहचान पत्र और प्रवेश पत्र साथ लेकर आना अनिवार्य है। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे रैली के दिन समय से पहले पहुंचें और सभी दिशा-निर्देशों का पालन करें। अधिक जानकारी के लिए नोडल अधिकारी बृजेश सिंह क्षत्रिय, आयुक्त नगर पालिक निगम, रायगढ़ से संपर्क किया जा सकता है।

# महिला प्राचार्य को शराबी शिक्षक ने धमकाया,हुई निलंबन की कार्रवाई

**प्रतापपुर।** विकासखंड प्रतापपुर के बरबसपुर हाईस्कूल से एक शराबी प्रधानपाठक का दुस्साहस से भरा आपराधिक मामला सामने आया है। यहां के हाईस्कूल की महिला प्राचार्य जयंती एक्का के ऊपर प्राथमिक शाला में प्रधानपाठक के पद पर पदस्थ शिक्षक ने बंदूक तान दी। शिक्षक के इस करतूत की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया। फिलहाल शिक्षक की इस अवांछनीय गतिविधि को देखते हुए उसे निलंबित कर दिया गया है। उसके खिलाफ प्राथमिकी को लेकर विभागीय अधिकारी से अनुमति मांगी गई है।

29 नवंबर को जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर द्वारा उक्त शिक्षक के निलंबन संबंधी आदेश में बताया गया है कि बरबसपुर गांव के मुसलमान पारा में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में प्रधानपाठक के पद पर पदस्थ सुशील कुमार कौशिक 25 नवंबर को नशे की हालत में बंदूक लेकर बरबसपुर के ही कोड़ाकुपारा स्थित शासकीय हाईस्कूल में घुसकर संकुल प्राचार्य को गोली मारने की धमकी देने लगा। प्राचार्य की शिकायत पर की गई मामले की जांच में प्रधानपाठक को उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने, नशे की हालत में स्कूल आने, शिक्षकीय कर्तव्यों के विपरित कार्य करने तथा अनुशासनहीनता का कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के उल्लंघन का प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया। इसके कारण सुशील कुमार कौशिक प्रधानपाठक मुसलमान पारा बरबसपुर विकासखंड प्रतापपुर को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा कार्यालय प्रेमनगर जिला सूरजपुर निर्धारित किया गया है।

इधर बरबसपुर के हाईस्कूल में बंदूक लेकर घुसे प्रधानपाठक मामले में वहां के ग्रामीणों का कहना है कि प्रधान पाठक शिकारियों के द्वारा उपयोग में लाई जाने वाली भरमार बंदूक को अपनी पीठ में टांगकर हाईस्कूल में घुसा था। जहां कुर्सी पर बैठी महिला संकुल प्राचार्य के ऊपर बंदूक तानकर धमकाते हुए कहने लगा कि प्राथमिक शाला नहीं जाता हूं तो मुझे अनुपस्थित कर देती हो आगे से ऐसा किया तो गोली मार दूंगा। इसके बाद प्राचार्य सहमी हालत में किसी तरह से कुर्सी से उठीं और बाहर निकलकर शोर मचाते हुए ग्रामीणों को बुलाने लगीं। इधर प्रधानपाठक प्राचार्य की कुर्सी पर बैठकर हंगामा करने लगा। कुछ देर बाद जब शोर सुनकर ग्रामीण इकट्ठा होने लगे तो प्रधानपाठक भरमार बंदूक को लेकर मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि प्रधानपाठक भरमार बंदूक को बरबसपुर से ही लगे एक अन्य गांव मरकाडांड़ में रहने वाले किसी व्यक्ति से लेकर आया था। हालांकि प्रधानपाठक द्वारा हाईस्कूल में लाई गई बंदूक किस श्रेणी की थी इसकी अभी तक अधिकृत रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। इस विषय से जुड़ा एक वीडियो भी इंटरनेट मीडिया में वायरल हो रहा है जिसमें प्रधान पाठक प्राचार्य की कुर्सी पर बंदूक के साथ बैठा नजर आ रहा है।

हालांकि मामले को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने अभी तक थाने में प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई है। फिर भी इंटरनेट मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद प्रतापपुर पुलिस अपने स्तर पर बंदुकबाज प्रधानपाठक पर कार्रवाई करने के लिए उसकी तलाश कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि राइफल लेकर हाईस्कूल में घुसा शासकीय प्राथमिक शाला का प्रधानपाठक बरबसपुर का ही रहने वाला है। इसलिए पूरे गांव पर रौब झाड़ते हुए कहता है कि मैं स्कूल में पढ़ाने जाऊं या न जाऊं मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। प्रधानपाठक आदतन शराबी है। बच्चों को पढ़ाने में उसकी कोई रूचि नहीं है। प्राथमिक शाला से वह लगातार अनुपस्थित रहता था। गाहेबगाहे स्कूल में आता भी था तो नशे में चूर होकर ही आता था। बच्चों को पढ़ाने के बजाए उन्हें धमकी देकर स्कूल से नौ दो ग्यारह हो जाता था।

इधर हाईस्कूल की महिला प्राचार्य जिनके ऊपर संकुल प्राचार्य होने के नाते प्रधानपाठक की पदस्थापना वाली प्राथमिक शाला के प्रबंधन की जिम्मेदारी भी थी वे प्रधानपाठक के स्कूल न आने पर उसे अनुपस्थित कर देती थीं। इसके कारण प्रधानपाठक को वेतन मिलने में दिक्कत होने लगती थी। इसी बात से नाराज होकर प्रधानपाठक भरमार लेकर प्राचार्य को धमकाने के लिए स्कूल में घुस गया था। मामले में विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुन्नू सिंह धुर्वे ने बताया कि प्रधानपाठक को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर अनुमति मांगी गई है।

## अलग अलग मामलों में 212 क्विंटल धान जब्त

**सूरजपुर।** समर्थन मूल्य पर बिचौलियों द्वारा समितियों में अवैध धान खपाए जाने की आशंका को देखते हुए, कलेक्टर एस.जयवर्धन के निर्देश पर जिले में निरंतर छापेमार की कार्रवाई की जा रही है। जिसमें राजस्व, खाद्य और मंडी विभाग की संयुक्त टीम लगातार संदिग्ध स्थल व व्यापारियों के गोदामों की जांच कर रही है। किसानों के हित में राजस्व, मंडी और खाद्य विभाग के सयुक्त तुम द्वारा अवैध धान जप्त करने निरंतर औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में अवैध धान भंडारण को लेकर जिले के रामानुजनगर विकासखंड के ग्राम सोनपुर, उप तहसील देवनगर मे राजस्व, मंडी एव खाद्य विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही कर अनिल साहू पिता विजेंद्र साहू के पास से 100 क्विंटल अवैध धान ज़प्त कर उसके गोदाम को सील किया गया है। इसके अलावा विकासखंड के साल्ही ग्राम के सुनील साहू पिता रामाशंकर साहू के घर से 112 क्विंटल अवैध धान के जप्ती की कार्यवाही भी की गई।

## सशस्त्र सेना झंडा दिवस: 9 दिसंबर को बैकुंठपुर में होगा आयोजन

**कोरिया।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस, जो हर वर्ष 7 दिसंबर को मनाया जाता है, इस वर्ष शनिवार अवकाश के कारण 9 दिसंबर 2024 को आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम कलेक्टर सभाकक्ष, बैकुंठपुर में अपराह्न 12 बजे से प्रारंभ होगा। यह दिन भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना के वीर जवानों के सम्मान में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य उन सैनिकों और उनके परिवारों के लिए योगदान एकत्र करना है, जिन्होंने देश की सेवा और सुरक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने जिले के समस्त भूतपूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं, सेवारत सैनिकों और उनके आश्रितों से इस विशेष अवसर पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। कार्यक्रम में जिले के गणमान्य नागरिक, अधिकारी और सैनिक परिवार शामिल होंगे। यह अवसर सैनिकों और उनके बलिदानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का होगा।

## बिना सूचना के स्कूल से गोल मारने पर विभाग ने शिक्षक को नोटिस जारी किया

**कोरिया।** शासकीय प्राथमिक शाला पंडो पारा, विकासखंड बैकुंठपुर में शिक्षा गुणवत्ता और अनुशासनहीनता को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी ने सख्त कदम उठाए हैं। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान विद्यालय में गंभीर अनियमितताओं के चलते प्रधान पाठक सदन कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। 26 नवंबर 2024 को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में प्रधान पाठक 11 नवंबर 2024 से बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए। 39 विद्यार्थियों में से केवल 18 छात्र विद्यालय में उपस्थित थे। साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता में भी गंभीर कमी पाई गई, जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। कारण बताओ नोटिस का भी नहीं दिया जवाब प्रधान पाठक को कार्यालय से 26 नवंबर 2024 को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर जवाब देने को कहा गया था। परंतु, निर्धारित समय सीमा में जवाब प्रस्तुत न करने पर उन्हें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 और छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के तहत कदाचरण का दोषी पाया गया।

## शिक्षकों को एआई और चैट जीपीटी प्रशिक्षण से मिली नई दिशा

**सूरजपुर।** जिला प्रशासन ने मेट्री एआई और जीआर टेक्नो इंडिया के सहयोग से एआई और चैटजीपीटी प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। 4 दिवसीय इस कार्यशाला का उद्देश्य सरकारी स्कूलों के कंप्यूटर शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और चैटजीपीटी के व्यावहारिक उपयोग में निपुण बनाना है। इस कार्यक्रम का नेतृत्व टेडएक्स स्पीकर अनुराग डांगी कर रहे हैं, और इसमें उत्कर्ष मिश्रा और मेट्री एआई के संस्थापक रोहित कश्यप का सहयोग है। कार्यशाला जिला शिक्षा अधिकारी ललित पटेल के समर्थन से और एसईसीएल के सीएसआर पहल के तहत वित्तीय सहायता से संचालित हो रही है। इस कार्यशाला में 50 सरकारी स्कूलों के कंप्यूटर शिक्षक भाग ले रहे हैं। पहले दिन शिक्षकों को एआई के मूलभूत सिद्धांत और चैटजीपीटी का शिक्षण में उपयोग सिखाया गया।

### अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट पर अवैध वसूली

## हटाए गए 2 उप निरीक्षक सहित सभी कर्मचारी, कहीं दूसरे राज्यों से छत्तीसगढ़ में खपाया तो नहीं जा रहा धान

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में कृषि उपज मंडी के चेक पोस्ट पर ट्रक ड्राइवरों से अवैध वसूली के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। मंडी सचिव मालिक राम पोर्ते ने मंडी उप निरीक्षक शंकर दयाल पैकरा, उप निरीक्षक अनुप साय पैकरा और उनके निजी सहयोगी सलीम लकड़ा सहित धनवार चेक पोस्ट 'उपज जांच नाका' में कार्यरत सभी कर्मचारियों को हटा दिया है। इस आदेश की कॉपी छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन बोर्ड के प्रबंधक संचालक को भी भेजी गई है।

दरअसल, रविवार सुबह ही बलरामपुर जिले के धनवार चेक पोस्ट 'उपज जांच नाका' पर अवैध वसूली का मामला सामने आया था। उप निरीक्षक और उसके निजी सहयोगी चावल और धान से भरी गाड़ियों को पार करने के लिए ट्रक ड्राइवरों से वसूली कर रहे थे। खबर सामने आने के बाद प्रशासन हरकत में आया और अब मामले में कार्रवाई करते हुए मंडी सचिव ने उप निरीक्षक शंकर दयाल पैकरा और उप निरीक्षक अनुप साय पैकरा समेत सभी कर्मचारियों को हटा दिया है। दरअसल, छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू हो गई है। प्रदेश में ज्यादा कीमत होने की वजह से दूसरे राज्यों के व्यापारी छत्तीसगढ़ में धान खपाने की फिराक में है। राज्य शासन ने अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट पर निगरानी के निर्देश दिए हैं। बलरामपुर जिले के अंतर्राज्यीय धनवार चेक पोस्ट पर अवैध तरीके से दूसरे राज्यों से धान और चावल का परिवहन होने और कृषि उपज मंडी के चेक पोस्ट पर तैनात कर्मचारियों द्वारा पैसे लेकर ट्रकों को सीमा पार कराने का खुलासा हुआ था। वसूली के इस खेल में बड़े सिंडीकेट के काम करने की जमकर चर्चा भी हो रही है। सूत्रों के अनुसार कृषि उपज जांच चेक पोस्ट पर बाहरी वाहनों से दस्तावेज जांच के नाम पर वसूली का खेल कोई नया नहीं है। मंडी चेक पोस्टों में दैनिक कर्मचारियों को ज्यादा रखा जाता है ताकि विवाद होने की स्थिति में इन्हें हटाया जा सके और जिम्मेदार लोगों पर कोई आंच न आये। पूर्व में भी कई ऐसे मामले सामने आ चुके हैं। धनवार चेक पोस्ट से पहले भी अवैध वसूली और प्राइवेट कर्मचारियों की दादागिरी के कई वीडियो वायरल हो चुके हैं। कई शिकायतों के बाद कार्रवाई भी नहीं हुई है। ड्राइवरों का आरोप है, अधिकारियों की मिलीभगत से यह अवैध खेल लंबे समय से चल रहा है।

## पात्र/अपात्र सूची में दावा आपत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

**सूरजपुर।** जिले के पीएम श्री विद्यालयों में अंशकालिक योग/खेल शिक्षक / प्रशिक्षक पद हेतु पृथक-पृथक विद्यालयों हेतु आवेदन आमंत्रित किये गए थे। विभागीय जांच समिति द्वारा प्राप्त आवेदनों का परीक्षण करने के पश्चात दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया है। प्रकाशित पात्र/अपात्रों की सूची कार्यालय में चस्पा की गई है। प्रकाशित पात्र/अपात्रों की सूची में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो डाक के माध्यम से या स्वयं कार्यालय में उपस्थित होकर या कार्यालयीन मेल के माध्यम से 06 दिसंबर 2024 को सायं 05:30 बजे तक प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

## विकासखण्ड स्तरीय पशुमेला का आयोजन 5 को

**सूरजपुर।** विकासखण्ड सूरजपुर के ग्राम द्वारिकानगर में 05 दिसंबर 2024 दिन गुरुवार को विकासखण्ड स्तरीय पशुमेला उत्सव एवं पशु प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन पशुधन विकास विभाग, विकासखण्ड सूरजपुर द्वारा किया जा रहा है।

### केंद्रीय विद्यालय चिरमिरी में सामुदायिक भोज का आयोजन

## अपनेपन की भावना को बढ़ावा देने पर हो रहा काम, कहा प्राचार्य ने



**चिरमिरी।** केंद्रीय विद्यालय चिरमिरी में बच्चों में आदान-प्रदान की भावना विकसित करने और खाने की अच्छी आदतें सिखाने के उद्देश्य से प्राथमिक विभाग ने सामूहिक भोज का आयोजन किया। यह कार्यक्रम भारत के विभिन्न राज्यों के पहनावे और उनके व्यंजनों की थीम पर आधारित था।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री पॉल उदय अरोंग ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक समरसता, भाईचारे तथा आपस में मिल-बांटकर भोजन करने की भावना का विकास करना है। उन्होंने कहा, विद्यालय एक ऐसा स्थान है जहां बच्चे, चाहे वे किसी भी धर्म या जाति के हों, एक परिवार की तरह रहते हैं, पढ़ते हैं और खेलते-कूदते हैं। बच्चों में इसी भाईचारे और अपनेपन को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक भोज का आयोजन किया गया है। प्रभारी प्रधानाध्यापिका श्रीमती आशा और सीसीए प्रभारी सुश्री कोमल शर्मा के निर्देशन में आयोजित इस सामूहिक भोज में प्रत्येक कक्षा को एक भारतीय राज्य की थीम दी गई थी। बच्चों ने अपने-अपने घरों से उसी राज्य के विशेष व्यंजन तैयार करवाए और उन्हें कार्यक्रम में लाए। इसके बाद, सभी बच्चे कक्षा के अनुसार गोल घेरा बनाकर बैठ गए और एक-दूसरे के लाए हुए भोजन का स्वाद लिया। इसके बाद, विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षिका बी. नागवंशी, सुमन, प्रतिष्ठा त्रिपाठी, श्रीमती सविता और अन्य शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता की।

## सेना भर्ती रैली 4 से 12 तक रायगढ़ में

**सूरजपुर।** सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर द्वारा 04 से 12 दिसंबर 2024 तक रायगढ़ स्टेडियम, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) में छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलो के पुरुष अग्निवीर उम्मीदवारों के लिए सभी श्रेणियों की भर्ती का आयोजन किया जा रहा है। रैली के लिए उम्मीदवारों द्वारा पंजीकरण फरवरी-मार्च में ऑनलाइन किया गया था और अप्रैल-मई 2024 में ऑनलाइन सीईई का आयोजन किया गया था। ऑनलाइन सीईई का रिजल्ट मई-जून 2024 में घोषित किया गया था और शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को ई-मेल के माध्यम से सूचित किया गया था। उम्मीदवारों को रैली एडमिट कार्ड में दी गई तारीख और समय पर रायगढ़ स्टेडियम, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) के गेट पर रिपोर्ट करना है। उम्मीदवारों को अपने साथ रैली एडमिट कार्ड, 8वीं, 10वीं, 12वीं, व स्नातक की मार्कशीट, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र शपथ पत्र, एनसीसी, खेल, आईटीआई, ड्राइविंग लाइसेंस, रिलेशनशिप सर्टिफिकेट और जे आई ए और आधार कार्ड से जुड़ा हुआ मोबाइल नंबर लेकर आना है। सबसे ज्यादा उम्मीदवार जो ऑनलाइन परीक्षा पास करके सेना भर्ती रैली में भाग लेंगे वह जिला बालोद और जांजगीर चंपा जिले के है। जिला रायगढ़ प्रशासन की ओर से उम्मीदवारों के लिए रुकने व रायगढ़ रेलवे स्टेशन तथा रायगढ़ बस स्टैंड से लाने और ले जाने के लिए बस की नि:शुल्क व्यवस्था की गई है।

# 40 हजार में पिस्टल बेचने का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर।** जिले के शंकरगढ निवासी कृषक व उपसरपंच पर गोली चलाने की घटना में एक और गिरफ्तारी हुई है। घटना में प्रयुक्त पिस्टल 40 हजार रुपये में बिक्री करने वाले आरोपित ग्राम नवाडीह थाना पाटन पलामू निवासी अभिषेक तिवारी (30) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना में शामिल चार आरोपितों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। जमीन संबंधी पुराने विवाद पर किसान को गोली मारी गई थी।

शंकरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परेवा निवासी वासुदेव यादव (55) पर 19 अक्टूबर की शाम बाइक सवार युवकों ने गोली मारी थी। घटना के समय वे टमाटर के खेत से बाइक से लौट रहे थे। किसान को तत्काल अस्पताल में भर्ती किया गया था। वासुदेव यादव को गोली मारने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने कुछ दिनों में ही पिस्टल उपलब्ध कराने व वारदात को अंजाम देने में सहयोग करने वाले दो-दो सहित चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया था।



पूछताछ में जमीन विवाद की रंजिश में गोली मारने की बात सामने आई थी।पुलिस ने शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम परेवा निवासी सुकेश यादव (22) ,ग्राम गिरजापुर निवासी संतोष पैंकरा उर्फ बोखा (25) ,उसके बड़े भाई विश्वनाथ पैंकरा (28) तथा झारखंड के डाल्टनगंज सिंचाई कॉलोनी निवासी अश्विनी चौबे (28) को गिरफ्तार कर उनके पास से घटना में प्रयुक्त पिस्टल, चार खाली कारतूस, एक मैग्जीन, दो जिंदा कारतूस, दो बाइक व एक मोबाइल जब्त किया था। आरोपितों को जेल भेजने के साथ पुलिस की जांच जारी थी। पुलिस जांच में पता चला था कि आरोपितों को अभिषेक तिवारी ने पिस्टल उपलब्ध कराया था। सुकेश यादव, संतोष पैकरा, अश्विनी चौबे ने डाल्टेनगंज में आरोपित अभिषेक तिवारी से संपर्क कर 40 हजार में पिस्टल खरीदा था। आरोपित अभिषेक तिवारी को 20 हजार रुपये नकद दिया गया था। शेष 20 हजार रुपये आनलाइन ट्रांसफर किया गया था। आरोपित अभिषेक तिवारी के विरूद्ध धारा 25,27 आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की गई है।

## सरगुजा पुलिस के दो आरक्षक सेवा से बर्खास्त

**अंबिकापुर।** पुलिस अधीक्षक सरगुजा योगेश पटेल ने आरक्षक 523 रमेश सिंह थाना अंबिकापुर एवं आरक्षक 702 टिकेश्वर सिंह रक्षित केंद्र अंबिकापुर को अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहकर कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही प्रदर्शित करने पर सेवा से पृथक करने का आदेश जारी किया है। दोनों आरक्षकों के विरुद्ध आरोप पत्र जारी कर विभागीय जांच की गई। विभागीय जांच में आरोप प्रमाणित पाए गए। दोनों आरक्षकों को कई बार नोटिस जारी कर विभागीय जांच में सहयोग करने की सूचना दी गई। आरक्षकों द्वारा विभागीय जांच में सहयोग नही करते हुए विभागीय जांच मे भी उपस्थित नही हुए। पूर्व में भी आरक्षकों को अनुपस्थित रहने के संबंध में सुधार का अवसर दिया गया था, सुधार के कई अवसर प्रदान करने के बाद भी दोनों आरक्षकों में कोई सुधार परिलक्षित नहीं हुआ।

# मंडल स्तर पर भाजपा की चुनाव प्रक्रिया 6 से, आयु सीमा ने सपनों पर पानी फेरा



**कोरबा।** नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव से ठीक पहले भाजपा ने संगठन की मजबूती को लेकर कार्ययोजना को आगे बढ़ाना तय किया है। जल्द ही मंडल और जिले में चुनाव संपन्न कराने की तैयारी है। इसके लिए बिंदु तय करने के साथ प्रक्रियाओं को बढ़ाया जा रहा है। मंडल के चुनाव 6 दिसंबर से शुरू होंगे। दोनों स्तर के चुनाव को लेकर बनाई गई आयु सीमा ने कई दावेदारों के सपनों पर ग्रहण लगा दिया है।

भाजपा संगठन चुनाव को लेकर स्थानीय पार्टी कार्यालय पं. दीनदयाल कुंज में एक कार्यशाला रखी गई। जिला चुनाव अधिकारी राजा पांडेय इसमें मुख्य रूप से शामिल हुए। जिले के पदाधिकारियों की उपस्थिति बैठक में रही। सभी प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की गई और सभी को अवगत कराया गया कि चुनाव किस प्रकार से संपन्न कराए जाएंगे। बताया गया कि 5 दिसंबर को सक्रिय मतदाता सूची का प्रकाशन होगा और 6 से 15 दिसंबर तक मंडल इकाईयों के चुनाव कराए जाएंगे। मंडल अध्यक्ष के लिए अधिकतम 45 वर्ष की आयु सीमा निर्धारित की गई है। जिलाध्यक्ष का चुनाव 16 से 25 दिसंबर तक पूरे प्रदेश में होगा। अधिकतम 60 वर्ष की आयु की पात्रता होगी। इस आधार पर दोनों चुनाव में इच्छुक कार्यकर्ता दावेदारी कर सकेंगे। प्रयास होगा कि सर्वसम्मति से निर्णय हो। अन्य स्थिति में मतदान की स्थिति आएगी। कोरबा में आयोजित कार्यशाला में जिला भाजपाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, पूर्व अध्यक्ष अशोक चावलानी, राजकुमार अग्रवाल, महामंत्री संतोष देवांगन, टिकेश्वर राठिया के अलावा मोर्चा और प्रकोष्ठ सहित अन्य संगठन के लिए काम करने वाले पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। खबरों में कहा गया कि मंडल अध्यक्ष बनने के लिए मुख्य रूप से क्षमता और सक्रियता खास होगी। किसी नेता का करीबी या समर्थक होना ही इस मामले में प्रमुख चीज बिल्कुल नहीं होगी और यह महत्वहीन होगा।

## हरीश को रेलवे का प्रतिनिधि बनाया सांसद ने

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेसी हरीश परसाई जी को श्रम विभाग एवं महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे बिलासपुर का कोरबा के लोकप्रिय सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत जी के द्वारा अपना सासंद प्रतिनिधि नियुक्ति किया गया है। इससे पहले वे रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य भी रह चुके हैं।श्री परसाई जी का संगठन एवं कार्यों का लंबे अनुभव श्रमिक संगठनों के हित में काम आयेगा। वे हमेशा ही सक्रियता से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से जुड़े रहते हैं इस नियुक्ति से कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं एवं श्रमिक संगठनों ने श्री हरीश परसाई जी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## कांग्रेस की टीम बन कर तैयार

**कोरबा।** नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए कल कटघोरा के पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर व कटघोरा विधानसभा प्रभारी हरीश परसाई के द्वारा दीपका ब्लाक कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई। जिसमें 21 वार्डो के देख रेख के लिए टीम तैयार की गई। जिसमें 7 लोगों को जिम्मेदारी दी गई है जबकि वार्ड में दो दो कार्यकर्ता सूची बनाने का काम करेगें। 21 वार्डो के देखरेख के लिए बनाई गई टीम ने तनवीर अहमद, विकास शुक्ला, सुरेश मानिकपुरी, गोपाल सादव, रजनीश तिवारी,दिलीप सिंह, रामू कंवर के नाम शामिल है। यह सातों कार्यकर्ता कम से कम दो या तीन वार्डो की देखरेख करेगें। इनके नेतृत्व में ही वार्ड के दो दो कार्यकर्ता सूची तैयार करेगें। सक्रिय कार्यकर्ताओं के नाम को लिखा जाएगा। और उनसे सलाह मशवरा की जाएगी। इस बैठक के बाद अब बांकी मोंगरा ब्लाक की बैठक रविवार को बुलाई गई है। यह जानकारी ब्लोक अध्यक्ष टीकाराम मनहरण ने दी है।

*कोरबा। तीन दिन तक मौसम के तेवर नरम होने से लोगों को ठंड से राहत मिली है।



## बांग्लादेश में उत्पीड़न के खिलाफ प्रदर्शन आज, लोगों को जगाने के लिए उतरी टीम

**कोरबा।** अरसे से बांग्लादेश में सत्ता और सेना के बीच चल रहे टकराव के चक्कर में अल्पसंख्यक हिंदुओं के साथ अत्याचार के मामले बढ़े हैं। लगातार नई तस्वीरें सामने आ रही है जिसे लेकर वैश्विक जगत में निवासरत हिंदू समाज इससे आहत है। भारत सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की जा रही है। आज बड़े स्तर पर प्रदर्शन की तैयारी भारत में है। कोरबा के नेताजी सुभाषचंद्र बोस चौराहे पर सर्व हिंदू समाज धरना प्रदर्शन करने के साथ कलेक्टोरेट तक रैली निकालेगा। राज्यपाल के नाम राष्ट्रपति को ज्ञापन दिया जाएगा। मांग की जाएगी कि बांग्लादेश में निवासरत अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करे। इसके साथ ही वहां हो रहे अत्याचार को बंद कराते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन पर दबाव बनाए। स्थानीय स्तर पर किए जाने वाले प्रदर्शन में अधिकतम उपस्थिति को लेकर हिंदू मंचों ने विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को जगाया। अलग-अलग प्रकार से कोशिश की गई ताकि एक सार्थक वातावरण तैयार हो सके। नागेंद्र सिंह ने बताया कि कोरबा सहित सभी जिलों में आज इस मामले को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है।

## कुछ याद रह गया तो भूल नहीं पाओगे, काव्य गोष्ठी के रंग

**कोरबा।** पंडित मुकुटधर पांडेय साहित्य समिती द्वारा साहित्य भवन मे काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस आयोजन में जिले के जाने माने साहित्यकार और कवियों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। कार्यक्रम में सभी ने अपनी रचनाओं से सब का मन मोह लिया। आयोजन में समिती के सभी प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे। कोरबा के साहित्य भवन में समय समय पर कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहते है। साहित्यकारों और कवियों को मंच प्रदान करना है उनके आयोजन का मुख्य उद्देश्य रहता है। इसी कड़ी में पंडित मुकुटधर पांडेय साहित्य भवप में साहित्य समिती द्वारा काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। समिती के सभी पदाधिकारियों की मौजूगदी में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के लगभग सभी प्रमुख साहित्यकार और कवियों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। एक एक कर सभी ने अपनी रचनाओं की प्रस्तुती दी,जिसकी सभी ने मुक्त कंठ से सरहना की। काफी देर तक यह काव्य गोष्ठी चलती रही ,जिसका मौके पर मौजूद लोगों ने जमकर आनंद उठाया।

## भाजपा कार्यकर्ता निकलेंगे सदस्य बनाने

**कोरबा।** भाजपा के द्वारा सदस्यता के लिए तारिख बढ़ा दी गई है। मंडल चुनाव से पहले भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता बूथों में जाकर नए सदस्य बनाएगें 1 महीने से कोरबा जिले में सदस्य बनाने का काम चल रहा था। अब पुन: सदस्रू बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं को कहा गया है हरदीबाजार मंडल के अध्यक्ष हरीश थरवानी ने बताया कि नरेश टंडन ,चुलेश्वर राठौर, नवरत्न सिंह सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता बूथों में जाकर सदस्य बनाएंगे। बांकी मोंगरा मंडल के मनीष मिश्रा ने बताया कि यहां भी मुकुल कर्ष, हनुमान पाण्डेय, लखन राठौर, बॉबी गबेल, विनोद राजपूत ,कमतजीत सहित कार्य लोगें को जोड़गें। कोसाबाड़ी मंडल में भी डा. जय लहरे ,सुमन सोनी रमा मिर्री दिनेश वैष्णव , चंदन सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता अन्य सदस्य बनाएगें। यह काम सभी मंडलों में होगा।

## धर्मसेना करेगा समिति सदस्यों को पुरस्कृत

**कोरबा।** प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र बहादुर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कोरबा क्षेत्र में गणेश पंडाल बनाकर भगवान गणेश की पूजा अर्चना की गई थी। समिति के सदस्यों ने पूजा अर्चना के साथ साथ लोगों को जागरूक करने का काम किया था। कई समिति सदस्यों ने इस मामले में आदर्श प्रस्तुत किया है। समितियों के द्वारा पंडालो में फिल्मी गीत न बजाकर धार्मिक गीत बजवाया था। ऐसे लोगों पुरस्कृत किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। धर्म सेना के द्वारा 15 दिसंबर को परशुराम भवन में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें दुर्गा पंडाल समिति के सदस्यों को बुलाया गया है। दुर्गा पंडाल समिति के सदस्यों को सम्मान कर उन्हें धर्म के प्रति प्रेरित किया जाएगा।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**कोरबा।** बालको नगर स्थित स्वामी आत्मानंद विद्यालय परिसर में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परसाभाटा और बेला संकुल के अंतर्गत आने वाले 17 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति दी और दर्शकों को सम्मोहित किया।

## सड़क निर्माण के लिए भेजे गए प्रस्ताव

**कोरबा।** एसईसीएल मानिकपुरी से सीजीएम आफिस कोरबा तक सड़क बनाने की मांग वेलफेयर कमेटी द्वारा की गई है। इस टीम ने अधिकारियों से मांग करते हुए कहा है कि काफी दिनों से सड़क बनाने के लिए कहा जा रहा है। वेलफेयर कमेटी के मिनीलाल साहू ,रामलाल साहू ,राजेश पिल्ले ,रवि खुंटे ने कहा कि प्रबंधन ने बस मामले को काफी गंभीरता से लिया है। और एक प्रस्ताव भी बनाकर सीजी कार्यालय को भेजा गया है।

## एसईसीएल सुभाष ब्लॉक क्षेत्र में सड़क सुधार पर खर्च हो रहे 35 लाख

### मानिकपुर क्षेत्र में पिछले वर्ष हुआ काम, कुछ जगह गड्ढे

कोरबा। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड कोरबा क्षेत्रांतर्गत अपनी कालोनियों में सुविधाओं को ठीक-ठाक करने के लिए अब गंभीरता दिखा रही है। सड़कों का सुधार इसी में शामिल है।

स्टाफ ऑफिसर सिविल ने बताया कि सुभाष ब्लॉक क्षेत्र में सड़कों के निर्माण को लेकर 35 लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं। स्थानीय एजेंसी को इसके लिए अधिकृत किया गया है। मुख्य मार्ग और आंतरिक मार्ग के काम को इसमें रखा गया है। कुछ समय से इन सड़कों पर समस्याएं थी और सुधार की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। वर्षाकाल बीतने के बाद काम कराया जाना तय किया गया और अब इस दिशा में कार्यों को बढ़ाया गया है। अधिकारी ने बताया कि संभवत: कामकाज ठीक तरह से हो रहा है। उन्होंने बताय कि इससे पहले



नए पैटर्न पर मुड़ापार से लेकर मानिकपुर क्षेत्र तक की सड़क बनाई गई थी। एक वर्ष बीतने पर सड़क अच्छी स्थिति में है। कुछ जगह ड्रेन का काम नहीं करने दिया गया इसलिए कहीं-कहीं दिक्कत है। जबकि आवाजाही करने वाला वर्ग बताता है कि सीजीएम कार्यालय से आगे की सड़क में दो-तीन जग गड्ढे हैं जो बढ़ते जा रहे हैं। इस तरफ आवश्यक रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए।

## सरस्वती विद्यालय में मनाया गया कम्प्यूटर दिवस

**गेवरा।** सरस्वती शिशु मंदिर गेवरा परियोजना में 2 दिसंबर को कंप्यूटर दिवस बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा तृतीय से लेकर दशम तक के छात्रों ने कंप्यूटर के महत्व, उपयोगिता, लाभ और हानियों को रेखांकित करते हुए पोस्टर और चित्रकला प्रदर्शनी प्रस्तुत की।

कार्यक्रम में छात्रों ने कंप्यूटर के विभिन्न पहलुओं को रचनात्मक तरीके से दर्शाया। उनके पोस्टरों में डिजिटल युग में कंप्यूटर की भूमिका, शिक्षा में योगदान, साइबर सुरक्षा और तकनीकी विकास पर विशेष जोर दिया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह दिवस छात्रों को तकनीकी शिक्षा के प्रति जागरूक करने और डिजिटल युग के महत्व को समझाने का एक माध्यम है। कार्यक्रम का समापन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और पुरस्कार वितरण के साथ हुआ।

## नहीं बेच पा रहे अपनी ही धान



**कोरबा।** गिरदावरी में त्रुटि के चलते किसान रकबा सुधार के लिए तहसील कार्यालय का चक्कर लगा रहे है. गिरदावरी के दौरान पटवारीयों की लापरवाही और सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। पोड़ी उपरोड़ा क्षेत्र के किसानों का आरोप है कि कई लोगों के द्वारा धान का फसल उगाया गया था लेकिन गिरदावरी में धान का रकबा शून्य अंकित किया गया, जिसके चलते उन्हें टोकन नहीं मिल रहा और किसान धान नहीं बेच पा रहे हैं।

तहसील कार्यालय मे भीड़ लगाये ये किसान अपने ही भुमी पर उगाए फ़सल कों नहीं बेच पा रहे दरसल धान मंडी के साफ्टवेयर मे इन किसानों का रकबा शून्य बता रहा या तों कुल रकबा के मुताबिक गिर्दावरि रकबा रिपोर्ट कम दर्शाया जा रहा जिससे किसानो कों टोकन नहीं मिल रहि, जबकि हर साल ये किसान अपनी उपज सोसायटी में विक्रय करते आ रहे हैं।

## तुलसीनगर में आयुष्मान कार्ड का आयोजन किया गया वरिष्ठ नागरिकों के लिए

### पांच लाख तक का उपचार नि:शुल्क मिल रहा योजना से

**कोरबा।** साकेत नगर वार्ड संख्या 2 के अंतर्गत आने वाले तुलसी नगर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान कार्ड से संबंधित शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग ने इसके लिए कोशिश की। स्थानीय नागरिकों ने स्वास्थ्य सेवा से जुड़े कार्ड बनवाने में रुचि दिखाई। और भी क्षेत्र में इस प्रकार के शिवीर आगामी दिनों में आयोजित करने की योजना बनाई गई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने गांव, गरीब, किसान के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिकों के हितों पर विशेष ध्यान दिया है। अपने तीसरे कार्यकाल में कई ऐसी महत्वाकांक्षी योजनाओं पर फोकस करने के साथ लोगों को लाभान्वित करने का प्रयास किया जा रहा है। आयुष्मान स्वास्थ्य योजना इसी का हिस्सा है। इसके अंतर्गत अब 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक ?5 लाख तक का उपचार निशुल्क करा सकेंगे। इस पर क्रियान्वयन शुरू हो गया है। कोरबा शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में लगातार कैंप लगाने के साथ लोगों के कार्ड बनाए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग से संबंधित कर्मचारियों के द्वारा कोरबा के तुलसी नगर क्षेत्र में ऐसा ही कैंप लगाया गया जहां पर वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड तैयार किए गए। गणेश दास महंत ने इस योजना का स्वागत किया और इसकी उपयोगिता बताई। अलग-अलग कारण से होने वाली बीमारियों के उपचार पर लोगों के काफी रुपए खर्च हो जाते हैं । सक्षम वर्ग को छोड़ दिया जाए तो दूसरे मामलों में लोगों के सामने आर्थिक कारण से समस्याएं पेश आते हैं और कई बार धन की कमी से जिंदगियां संकट में पड़ जाती हैं। भारत सरकार ने इस मामले को संवेदनशीलता से लिया है और आयुष्मान स्वास्थ्य योजना से जुड़े पहलुओं को और ज्यादा विस्तार दिया है। उम्मीद की जा रही है कि वरिष्ठ नागरिकों के हित में जो योजना तैयार की गई है उसके काफी फायदे लोगों को मिलेंगे।




## बालको 'सुरक्षा संकल्प' के 3 वर्ष पूरे, नई संस्कृति हुई मजबूत

**कोरबा।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अपनी मासिक सुरक्षा पहल 'सुरक्षा संकल्प' के तीन साल पूरा कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस कार्यक्रम में कर्मचारियों और व्यावसायिक साझेदारों दोनों की भागीदारी शामिल है, जिसने संयंत्र में सुरक्षा प्रोटोकॉल को मजबूत करने और सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। परिणामस्वरूप संयंत्र परिसर के भीतर सुरक्षा मानकों में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है।

दिसंबर 2021 से आरंभ सुरक्षा संकल्प कार्यक्रम का उद्देश्य कोचिंग, कॉउंसिलिंग, मॉनिटिरिंग और त्वरित प्रतिक्रिया प्रदान करने में निहित सुरक्षा संस्कृति का पोषण करना है। प्रत्येक महीने के पहले दिन आयोजित होने वाले व्यापक प्रशिक्षण सत्रों ने कर्मचारियों को कार्यस्थल पर रचनात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करते हुए सुरक्षा-प्रथम



व्यवहार को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लगातार तीसरने वर्ष में आयोजित 36वें प्रशिक्षण में 1500 से अधिक कर्मचारियों और व्यावसायिक साझेदारों ने हिस्सा लिया। सभी इस पहल के माध्यम से सुरक्षा मानकों को बेहतर बनाने की दिशा में तीन वर्षों के समर्पित प्रयासों का जश्न मना रहे थे।

सुरक्षा संकल्प कार्यक्रम अपने संचालन के सभी क्षेत्रों में सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन की गई विभिन्न प्रकार की थीम को शामिल करता है। कंपनी सुरक्षा प्रोटोकॉल के बारे में शिक्षित करने के साथ विभिन्न टीमों के भीतर सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए कर्मचारियों को पुरस्कृत कर उन्हें प्रोत्साहित किया है। पुरस्कृत व्यक्ति अपने विभागों के भीतर सुरक्षा जागरूकता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता दिखाई है और दूसरों को कार्यस्थल में सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया है।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि कंपनी में हम जीरो हार्म के अपने दृष्टिकोण का पालन पूरी प्रतिबद्धता के साथ करते हैं। सुरक्षा संकल्प' एक मजबूत सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने में सहायक रहा है जो हमारे कर्मचारियों और व्यावसायिक साझेदारों की भलाई को प्राथमिकता देने के साथ एक सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करता है। हम अपने सुरक्षा मानकों को बेहतर बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों को अपना रहे हैं। इस पहल की निरंतरता और लगातार सुदृढ़ीकरण से सुरक्षा मानसिकता को विकसित करने तथा सुरक्षा व्यवहार में परिवर्तन लाने में सहायक साबित हुआ।

मजबूत सुरक्षा संस्कृति का निर्माण करने के लिए कंपनी कई अत्याधुनिक तकनीकों को शामिल किया है। जैसे- ऑगमेंटेड एंड वर्चुअल रिएलिटी आधारित प्रशिक्षण केंद्र, वीडियो एनालिटिक्स, सस्टेनेबेलिटी मोबाइल ऐप और ई-लर्निंग पाठ्यक्रम जैसे डिजिटलीकरण के माध्यम से कर्मचारियों को सुरक्षा संस्कृति से जोड़ा गया है। सुरक्षा क्षेत्र में बालको अत्याधुनिक सेंट्रलाइज्ड सिक्योरिटी ऑपरेशंस सेंटर की मदद से यातायात एवं सड़क सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला सहित विभिन्न सुरक्षा कार्यों में बेहतर निर्णय लेने के लिए डिजिटल इंटेलिजेंस और डेटा अंतर्दृष्टि का लाभ उठा रहा है। रियल टाइम डेटा की निगरानी, कोयला यार्ड में हॉट स्पॉट डिटेक्शन सिस्टम जैसी परियोजनाओं सहित एंड-टू-एंड डिजिटल डैशबोर्ड की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए थर्मल निरीक्षण का उपयोग करना शामिल है। शॉप फ्लोर में भारी वाहनों के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए एलईडी लोगो प्रोजेक्टर का प्रयोग हो रहा है। टी-पल्स निगरानी प्रणाली जो एआई मॉडल का उपयोग करके कैमरा नेटवर्क के माध्यम से रियल टाईम में संयंत्र के अंदर चल रहे कार्यों की निगरानी करता है। सड़क सुरक्षा को बढ़ाने के लिए आंतरिक वाहन संचालन में अत्याधुनिक एआई तकनीक एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (एडीएएस) और ड्राइवर मॉनिटरिंग सिस्टम (डीएमएस) को लागू किया गया है।









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com